INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-112 | मथुरा, मंगलवार, 17 जून 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## माँ पापा
## शत्-शत् नमन





**पूज्यनीय स्व. श्रीमती शान्ती देवी**
कुनबा एवं समाजसेवी
स्वर्गवास 18 जून 2021

**पूज्य स्व. श्री राजनलाल गौतम**
(सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक)
स्वर्गवास 16 अक्टूबर 2008

जीवन में जब माँ पापा साथ छोड़कर चले जाते हैं, तो जीवन एक अधूरी किताब-सा लगने लगता है। आपके जाने के बाद हम इस खालीपन को अत्याधिक महसूस करते हैं। माँ तुम्हारा स्नेहिल दुलार, पापा आपकी कठोरता में छुपा कोमल हृदय इन सबने हमें इस दुनिया में अपना अस्तित्व बनाए रखने का हौसला दिया। आज जब आप हमारे बीच नहीं हैं, तो हम दोनों भाई, आपकी दी शिक्षा और मूल्यों का पालन करते हुए परिवार को एकजुट रहने और अनुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ते रहने का प्रयास कर रहे हैं।

माँ पापा आपका दिया हर सबक आज भी गूंजता है, आपकी सिखाई हर बात जीवन में प्रेरणा बनकर उभरती है। आप भले ही हमारे बीच नहीं हैं पर आपकी मौजूदगी हर धड़कन में है।

राजकुमार गौतम (वरिष्ठ अधिवक्ता)
(पुत्र)
पवन गौतम (संपादक)-
नीलम
(पुत्र-पुत्रवधू)

इं.मयंक गौतम (पुत्र
स्व. श्रीमती कविता एवं श्री राजकुमार)-
टीना
(पौत्र-पौत्रवधू)
मनन गौतम
(पौत्र)

एवं समस्त यूनिकॉम परिवार

पैत्रक गाँव- नगला कली (सादाबाद) हाथरस
आवास- 6, शंकर विहार, कृष्णा नगर, मथुरा-9837155888
ए-89 सेक्टर 47 नोएडा- 9837115157

UNICOM ADVERTISING Since-1995 | यूनिक समय हर खबर समय पर ... | Unicom Digital | NM advertiser | यूनिक समय Podcast

ब्रांच- मथुरा । नई दिल्ली । नोएडा । लखनऊ । आगरा । देहरादून

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा-071/2022-24
डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-112 | मथुरा, मंगलवार, 17 जून 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay



पेज-10
यूपी रोडवेज का छात्र-छात्राओं को तोहफा



पेज-11
नोएडा-गुरुग्राम में झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत



पेज-12
मथुरा की विशेष खबरों के लिए पेज 12 पढ़ें

### बादलों के बीच बिजली कड़कने से लोग हुए भयभीत, जन जीवन अस्त-व्यस्त, कई इलाकों में भरा पानी

# बरसात ने शहर को किया ताजगी से तर-बतर



मथुरा शहर के कृष्णा नगर बाजार में मंगलवार की सायं हुई मूसलाधार बारिश के बीच सड़क से गुजरते वाहन।



जलभराव में पुलिस की गाड़ी को धक्का लगाते लोग।



वृंदावन की कैलाश नगर कॉलोनी में जल भराव का नजारा।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मंगलवार की सायं आसमान में छाए काले बादलों की ओट में भगवान भास्कर छिप गए तो अंधेरा छा गया। आसमान में उड़ते पक्षी बड़ी फुर्ती के साथ अपने घोंसलों की ओर चले गए। बाजार में खरीदारी के लिए आए ग्राहकों में भी अफरा तफरी सी मच गई। उनको यह अहसास होने लगा था कि आज झमाझम बारिश होगी। फिर कुछ हुआ भी ऐसा। पारा धड़ाम से गिर गया। आसमान में बादलों के बीच आकाशीय बिजली कड़कने से लोग भयभीत होने लगे तो मथुरा और वृंदावन क्षेत्र के कई इलाकों की सड़कों पर पानी हिलोरे मारने लगा। करीब एक घंटे की मूसलाधार बारिश से नाले नालियां उफन पड़े। सड़कों पर पानी ही पानी दिखाई देने लगा। हिलोरे मारते पानी को देखकर लोग फंस गए। निचले इलाके के मकानों के सामने बारिश के पानी से लोगों को चिंता बढ़ा दी। वजह भी पानी हिलोरे मारते हुए घरों में घुसता चला जा रहा था। प्री मानसून की पहली बारिश ने अधिकारियों को सोचने के लिए विवश कर दिया। यदि मानसून सक्रिय होगा तो उस समय मथुरा-वृंदावन क्षेत्र की हालत क्या होगी। आज की बारिश तो करीब एक घंटे की थी, यदि कई घंटे लगातार बारिश हुई तो उस समय क्या स्थिति बनेगी। मथुरा में भूतेश्वर बस स्टेशन, भूतेश्वर तिराहे के पास रेलवे पुल के नीचे पानी भर गया। इस कारण वाहनों का दूसरे रास्ते से होकर निकाला गया। वृंदावन में यमुना किनारे होने वाली यमुना महारानी की आरती में व्यवधान पैदा हो गया। बारिश थमने के बाद आरती की गई।



बारिश के दौरान गोवर्धन चौराहा पर जाम की स्थिति का नजारा।

## कृष्णा नगर में आकाशीय बिजली गिरी

### छत पर बारिश में नहाता व्यक्ति की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित कृष्णा नगर इलाके में तेज बारिश के दौरान छत पर नहाता एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई। आज सायं करीब पांच बजे कृष्णानगर इलाके मे कल्याण ज्वैलर्स वाली गली में बलराम (47) तेज बारिश के दौरान अपनी छत पर बारिश में नहा रहा था। इसी बीच अचानक आकाश में तड़कती बिजली उसके समीप गिर गई। बिजली गिरने से बलराम छत पर ही गिर गया। बिजली की चपेट में आने का पता उसकी पत्नी और बच्चों को लगा तो उनमें हड़कंप मच गया।


हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस बारे में चौकी इंचार्ज कृष्णानगर से बातचीत की गई तो उनका कहना है कि अभी उनके पास इस तरह की सूचना नहीं है। वह इस मामले को दिखवा रहे हैं।

### बारिश से कई इलाकों की विद्युत गुल

**यूनिक समय, मथुरा।** मंगलवार की सायं हुई तेज बारिश के दौरान कई इलाकों की विद्युत गुल होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। सड़क पर पानी ही पानी और फिर अंधेरा। विद्युत आपूर्ति बंद करने के पीछे लोगों को करंट से बचाना था। मंदिर जाने वाले मार्गो पर अंधेरा होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुविधा | सीएम योगी का मथुरा विजन 2030

# वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे



### ब्रज तीर्थ परिषद, विकास प्राधिकरण, वन विभाग के सहयोग से कराया जाएगा 50 करोड़ की लागत से निर्माण

### नेचर वॉक पाथ-वे के दोनों ओर लगेंगे देशी प्रजाति के पौधे

### मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र में ईको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

यूनिक समय ब्यूरो

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन- 2030 के तहत मथुरा शहर में एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। यह पाथ-वे वृंदावन से गोकुल तक यमुना नदी के किनारे 17 किलोमीटर लंबा होगा। इसका निर्माण 50 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। वृंदावन से गोकुल नेचर वॉक का निर्माण ब्रज तीर्थ परिषद, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण, प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और तीर्थयात्रियों के लिए यमुना नदी के किनारे एक सुंदर और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करना है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष समीक्षा बैठक में बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा। पाथ-वे के दोनों ओर देशी प्रजाति के पौधे लगाए जाएगें, जो न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाएंगे बल्कि जैव-विविधता को भी बढ़ावा देंगे। इसके साथ ही नेचर वॉक वे पर फेसिंग, लाइट्स और शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। यह परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन- 2030 के तहत विकसित की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं चलाई जा रही हैं।

इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ-वे का निर्माण किया जा रहा है। यह मार्ग मथुरा, वृंदावन आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पैदल यात्रा का अवसर प्रदान करेगा। जिससे वे यमुना नदी के किनारे की शांति, हरियाली के बीच भगवान कृष्ण की लीलास्थली में भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। साथ ही, यह पाथ-वे स्थानीय लोगों के लिए भी एक मनोरंजक और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प होगा, जो सुबह-शाम सैर के लिए इसका उपयोग कर सकेंगे।

# माया टीला का मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



माया टीला पर ध्वस्त हुए मकानों और तीन लोगों की मौत का जिम्मेदार सुनील चैन और काम कराने वाले ठेकेदार पुलिस की गिरफ्त में।

**यूनिक समय, मथुरा।** माया टीला पर आधा दर्जन मकानों को गिरने और तीन लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार सुनील चैन को आखिरकार पुलिस ने नाटकीय अंदाज में गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ ठेकेदार को भी पकड़ लिया। मंडी रामदास की गली कसेरान में रहने वाले सुनील सोने की चैन बनाने का कारोबार करता था। इस कारोबार से हुई कमाई से उसने माया टीला की जमीन को पत्नी के नाम खरीदा था। इस जगह पहले

### सुनील चैन के साथ ठेकेदार भी गिरफ्तार

मिट्टी हटवाकर जमीन को समतल किया किसी तरह का प्रतिरोध न होने पर उसने वहां से दीवार के सहारे मिट्टी की खुदई कराना शुरू कर दिया। चालीस फीट उंचाई पर बने मकानों के नीचे से मिट्टी हटवाना शुरू कर दिया। इसके चलते यह हादसा हो गया। पुलिस ने आज सुनील चैन और वहां काम कराने वाले ठेकेदार पप्पू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# शहर की सफाई को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : नगर आयुक्त

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों समेत मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए नगर आयुक्त जगप्रवेश ने मंगलवार को भूतेश्वर नगर निगम के सभागार बैठक कर सफाई विभाग के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को कड़े निर्देश दिए। कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ करने तथा वर्षा आने से पहले ही नाले नालियों की सफाई शीघ्र की जानी चाहिए।


मथुरा—वृंदावन में सफाई को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त जगप्रवेश।

## वर्षा में जल भराव की समस्या पर होगी कड़ी कार्यवाही

## रोजाना पांच बजे से सफाई कार्य प्रारम्भ कर आठ बजे तक पूर्ण हो जाना चाहिए

सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित मथुरा–वृंदावन के निर्माण लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। नगर आयुक्त ने कहा कि आने वाले सात दिनों के भीतर सभी वार्डों में स्थित नाले–नालियों की तलीझाड़ सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य पूरा किया जाना चाहिए और वर्षा के दौरान कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए। रोजाना सुबह 5 बजे से सभी सफाई कर्मी अपने–अपने क्षेत्रों में 10 बजे तक सफाई का कार्य पूरा हर हालत में होना चाहिए। इसके साथ ही सुबह 8 बजे तक प्रमुख मार्गों, वार्डों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाए। सभी कूड़ा स्थलों की सफाई 10 बजे पूर्व तक अनिवार्य रूप हो जानी चाहिए। नगर आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सफाई निरीक्षक फील्ड में रहकर मॉनिटरिंग करें तथा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से उनकी उपस्थिति का निरीक्षण किया जाना चाहिए। सभी सफाई कर्मी नियमित यूनिफॉर्म में कार्य करें। 21 जून से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत न केवल मुख्य मार्गों बल्कि वार्डों के आंतरिक क्षेत्रों एवं खाली प्लॉट्स की भी सफाई की जाएगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल बाबू गर्ग, जोनल सैनेटरी ऑफिसर, मुख्य सफाई निरीक्षक सहित सभी सफाई निरीक्षक तथा सुपरवाइजर उपस्थित थे।




# कार्यकारिणी सभा में कई बिंदुओं पर चर्चा


एसोसिएशन ऑफ टैक्सपेयर्स एंड प्रोफेशनल्स नेशनल फोरम की उत्तर प्रदेश चैप्टर की कार्यकारिणी सभा में अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एसोसिएशन ऑफ टैक्सपेयर्स एंड प्रोफेशनल्स नेशनल फोरम की उत्तर प्रदेश चैप्टर की कार्यकारिणी सभा एवं तकनीकी सत्र का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि फोरम के राष्ट्रीय चेयरमैन अंजनी कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव पराग सिंघल, संदीप बंसल तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष मनोज सक्सेना ने किया। साथ ही फोरम के द्विवार्षिक चुनाव में निर्वाचित हुए लोगों को चुनाव अधिकारी ने निर्वाचन प्रमाण पत्र दिए। इस मौके पर दूर दराज से आए सीए वरून शर्मा एवं शिशिर गुप्ता आदि ने विभिन्न बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अंकुर गंगल, अरविंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दीपक गोयल, अनुराग सिंह, कृष्ण मुरारी वर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, समीर बंसल, वेद प्रकाश गोस्वामी, पुनीत बंसल, रूपेंद्र सिंह चौहान, केशव देव शर्मा, चेतन यादव, प्रेम प्रकाश सारस्वत, अनुज सक्सेना, अभिषेक शर्मा, शालिनी चतुर्वेदी, रमा गोस्वामी, कामिनी चतुर्वेदीआलोक कुलश्रेष्ठ एवं अंकुर अग्रवाल आदि लोग मौजूद थे। संचालन अभिषेक सक्सेना ने किया।

# रिकॉर्ड में चकरोड में दर्ज किया पट्टा

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन तहसील में राजस्व कर्मियों के काम काज का तरीका अजब का है। आम किसान अपने खेत व प्लॉटों की नाप कराने के लिए कई महीने से घूम रहे हैं। चकमार्ग में गलत तरीके से दर्ज किए पट्टे को नाप के लिए तहसील प्रशासन भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। विधायकों के लैटर धूल फांक रहे हैं और सुविधा शुल्क वाले मामलों में तुरंत काम कर दिया जाता है। मथुरा–गोवर्धन मार्ग अड़ींग में एकता गौशाला से सटे खसरा संख्या 2467 रकबा 0.230 हैक्टेयर चकमार्ग है। इसी खसरा में गलती से 0.930 हैक्टेयर का एक पट्टा एक व्यक्ति के नाम अंकित कर दिया है। इस चकमार्ग से सैकड़ों किसान अपने घर से खेतों के लिए निकलते हैं। गत वर्षों में चकमार्ग में गलत तरीके से अंकित पट्टे पर कब्जे को महावन तहसील के एक लेखपाल ने गोवर्धन तहसील स्टाफ को प्रभावित करके उक्त भूमि की नाप कर दी गई। चक रोड नपते देख मौके पर सैकड़ों किसान जमा हो गये तो नपत करने गई टीम ने काम रोक दिया। किसान बच्चू, रूपसिंह, बिरजा आदि ने चकरोड को एक बार फिर नापने का अधिकृत सम्मन आदि देकर 12 जून 2025 को प्रयास हुआ जिसे किसानों ने रोक दिया। किसान अब कानूनी लड़ाई लड़ने लिए न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहा है। बताया गया कि जुलाई माह में वह न्यायालय में वाद दायर करेगा।

## दो साल से नाप और कब्जे दिलाने को चक्कर लगा रहा है पीड़ित

## व्यापारियों की छह माह की मेहनत लाई रंग

# नगर निगम बनाएगा मथुरा के कुछ बाजारों को आदर्श


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मण्डल व्यापारी और जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्य विद्युत अभियंता राजीव गर्ग एवं नगरीय विद्युत अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बिजली की अघोषित कटौती, एक माह से ऊपर भी अस्थायी ट्रांसफार्मर की गाड़ी का रोड पर खड़े रहना, खुले पड़े पैनल बॉक्स की ओर ध्यान आकर्षित कराया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त जगप्रवेश से मिला। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि आदर्श बाजारों की कल्पना साकार हो सकेगी। इसके लिए व्यापारियों को भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जिला महामंत्री सुभाष सैनी, महानगर अध्यक्ष रास बिहारी अग्रवाल, महामंत्री सौरभ अग्रवाल एवं मंत्री लवी गोयल शामिल थे।

# एडेड विद्यालय प्रबंधक नहीं दे रहे शिक्षकों को स्थानांतरण की एनओसी

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह छौंकर ने माध्यमिक शिक्षा में ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए आवेदन तिथि 17 जून से बढ़ा कर 18 जून किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि सरकार वाकई में ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया को पूरा कराना चाहती है तो एडेड विद्यालयों के प्रबंधक से एनओसी दिलाने में शिक्षकों की मदद कराई जाए। उन्होंने प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कैम्प लगाकर एनओसी दिलाई जाय, और मानव सम्पदा पोर्टल की तकनीकी खामी दूर कराई जाए। श्री छौंकर ने कहा कि एडेड माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक अपने विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए एनओसी देने में आना कानी कर रहे हैं, जो शिक्षक अपने घरों से दूर हैं वे अपना स्थानांतरण कराना चाहते हैं ऐसे में जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से एनओसी की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाए।

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने उठाई मांग

# बाटी के प्रधान संजय को हाईकोर्ट के बाद डीएम ने भी दी राहत

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 में अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट ग्राम पंचायत बाटी में प्रधान पद पर संजय धनगर निर्वाचित हुए थे। उनके विरुद्ध प्रेमचंद जाटव ने चुनाव याचिका दायर की थी। इसमें तत्कालीन उप जिलाधिकारी सदर ने 21 मार्च 2025 को प्रधान संजय धनगर का निर्वाचन इस शर्त के साथ



निरस्त कर दिया था कि यदि जिला स्तरीय सत्यापन समिति तथा मंडल आयुक्त मेरठ द्वारा निरस्त जाति प्रमाण पत्र पुनर्जीवित अथवा स्थगन हो जाएं तो यह आदेश स्वतः ही निरस्त हो जाएगा। उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने चार जून को दिए अपने आदेश के तहत जिला स्तरीय जाति सत्यापन समिति व मंडलायुक्त द्वारा प्रधान संजय धनगर के जाति प्रमाण पत्र निरस्त किए जाने वाले आदेशों को स्थगित कर दिया है। प्रधान संजय धनगर का निर्वाचन उप जिलाधिकारी के 21 मार्च को दिए आदेश के अनुसार स्वतः ही बहाल हो गया है। जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ग्राम पंचायत बाटी के प्रधान संजय धनगर के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों को 16 जून को बहाल करने के आदेश जारी किए।

## प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार किए बहाल

## धनगर जाति को लेकर चल रहा था विवाद



### एसएसपी ने चलाई तबादला एक्सप्रेस

# थाना प्रभारी निरीक्षक व उप निरीक्षकों के स्थानांतरण

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एसएसपी श्लोक कुमार ने जिले के 11 निरीक्षकों को विभिन्न थानों का चार्ज दिया है। वही 17 उप निरीक्षकों को भी विभिन्न थाना चौकियों पर स्थानान्तरित किया है। एसएसपी ने पहली बार थाना प्रभारी निरीक्षकों के स्थानांतरण किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक हाईवे आनंद शाही को प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार, वहां तैनात विदेश कुमार को वाचक एसएसपी, बलदेव थाने के निरीक्षक शैलेद्र सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे, छाता थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक बरसाना, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रंजना सचान को थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव, गोविंदनगर थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह को प्रभारी निरीक्षक छाता, प्रभारी निरीक्षक बरसाना को थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंदनगर, फरह के थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय को प्रभारी निरीक्षक पर्यटन थाना, पर्यटन थाने के प्रभारी निरीक्षक त्रिलोक सिंह को प्रभारी निरीक्षक फरह बनाया है। अतिरिक्त निरीक्षक राया सुधीरकुमार को प्रभारी निरीक्षक महावन बनाया है। महावन के थाना प्रभारी डेजी पवार को प्रभारी महिला थाना बनाया गया है। इसी तरह उप निरीक्षक चेतन कुमार भारद्वाज को थाना महावन से चौकी प्रभारी केशव धाम वृदावन, संदीप कुमार थाना हाईवे से चौकी प्रभारी राल (जैंत), प्रदीप कुमार को थाना नौहझील से चौकी प्रभारी सौंख थाना मगोर्रा, सुश्री

### 11 निरीक्षकों के थाने आदि बदले

### 17 उप निरीक्षकों को किया इधर से उधर

### तीन उप निरीक्षकों को किया लाइन हाजिर

प्रयांशी को थाना मगोर्रा से चौकी प्रभारी अनौड़ा, राया, राजेश गौतम को अनौढ़ा से फील्ड यूनिट, रंगजी चौकी प्रभारी कृपाल सिंह को चौकी प्रभारी लक्ष्मीनगर थाना यमुनापार, लक्ष्मी नगर चौकी प्रभारी अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार, सिविल लाइन चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार वाचक पुलिस अधीक्षक नगर, चौकी प्रभारी माना गढ़ नौहझील से थाना सदर बाजार, नफीस सेल से देवेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी रंगजी वृंदावन, वाचक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को वाचक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, वाचक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चरण सिंह को नफीस सेल, थाना कोतवाली महिपाल सिंह को चौकी प्रभारी मानगढ़ी नौहझील भेजा गया है। पुलिस लाइन से विनीत नेहरा को थाना फरह, थाना मगोर्रा से आलोक कुमार मिश्र को पुलिस लाइन, राहुल कुमार चौकी प्रभारी केशवधाम वृंदावन को पुलिस लाइन, चौकी प्रभारी राल थाना जैंत मोमराज सिंह को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया है।




## मृतकों को मिलें 50 लाख व घायलों को पांच-पांच लाख रुपये



उत्तर प्रदेश किसान सभा के पदाधिकारी डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए।

### उत्तर प्रदेश किसान सभा ने डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर को दिया। माया टीला के पीड़ित परिवार व मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की। साथ ही दोषियों के विरूद्ध संगीन धाराओं में कार्रवाई की मांग की। किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष छीतर सिंह एडवोकेट ने बताया कि मसानी तिराहे से कच्ची सड़क स्थित टीला पर बने मकानों गतल तरीके से सार्वजनिक रूप से जेसीबी से मिट्टी खुदाई करने के दौरान धाराशाई कर दिया गया। जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। इस घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए। मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा और घायलों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता दी जाए। प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह, जिला मंत्री गजेन्द्र सिंह, भोला सिंह, दयाराम, पप्पू वर्मा, गीता, मानसिंह एवं रामबाबू आदि शामिल थे।

## लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन ने वन कोर मथुरा की कमान संभाली



**यूनिक समय, लखनऊ/आगरा/मथुरा।** लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल ने लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा अति विशिष्ट सेवा मेडल से मथुरा में वन कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का पदभार ग्रहण किया। ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई के पूर्व छात्र रहे लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन ने 25 अगस्त 1990 को गढ़वाल राइफल्स की 10 बटालियन में कमीशन प्राप्त किया है। जनरल ऑफिसर डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, हायर डिफेंस मैनेजमेंट कोर्स, सिकंदराबाद और नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ साइंस और उस्मानिया विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की डिग्री भी प्राप्त की है। लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन के पास नियंत्रण रेखा, आंतरिक इलाकों में काउंटर इंसर्जेंसी/काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन और वास्तविक नियंत्रण रेखा सहित सभी प्रकार के विविध इलाकों और परिचालन वातावरण में एक दुर्लभ और अमूल्य अनुभव है। उन्होंने जम्मू और कश्मीर में आंतरिक इलाकों और नियंत्रण रेखा दोनों में ऑपरेशन रक्षक में भाग लिया है। लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन ऑपरेशन मेघदूत और ऑपरेशन स्नो लेपर्ड में भी भाग लिया है। 35 वर्षों से अधिक के अपने विशिष्ट करियर में लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन एक इन्फेंट्री बटालियन, राष्ट्रीय राइफल्स सेक्टर को जम्मू और कश्मीर में और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स की कमान संभाली है। उन्होंने मेजर जनरल स्टाफ ब्रांच में ब्रिगेडियर प्रोक्योरमेंट (ए) और रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक अनुशासन और सतर्कता सहित कई निर्देशात्मक और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। जनरल ऑफिसर इन्फैंट्री स्कूल महू में दो बार प्रशिक्षक रह चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन सीनियर कमांड विंग, आर्मी वॉर कॉलेज, महू और कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट सिकंदराबाद में डायरेक्टिंग स्टाफ और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में सीनियर इंस्ट्रक्टर भी रहे हैं।

सराहनीय सेवा के लिए, लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन को तीन बार चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन, अति विशिष्ट सेवा पदक, सेना पदक से सम्मानित किया गया है और वे महानिदेशक सीआरपीएफ कमेंडेशन के भी एक अद्वितीय प्राप्तकर्ता हैं।

## विद्युत इंजीनियरों के तबादलों की लिस्ट जारी, खलबली

**यूनिक समय, मथुरा।** उप्र पावर कॉरपोरेशन में बिजली इंजीनियरों की स्थानान्तरण लिस्ट जारी होने लगी हैं। इससे विभाग में खलबली मची हुई है। इधर मथुरा शहरी मंडल के अधीक्षण अभियंता पद पर तैनाती कर दी गई है। तीन अधिशाषी अभियंताओं के स्थानान्तरण कर उनको मथुरा से बाहर भेजा गया है। सोनभद्र में तैनात रहे अधीक्षण अभियंता रमेश पाल सिंह को मथुरा शहरी विद्युत वितरण मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। हाल ही में उनको दक्षिणांचल भेजा गया था। यह आदेश दक्षिणांचल एमडी ने जारी किए हैं। अभी यहां की जिम्मेदारी एक्सईएन टेस्ट एके रूहेला संभाल रहे हैं। मांट के अधिशाषी अभियंता वीपी सिंह को दक्षिणांचल मुख्यालय, कोसी अधिशाषी अभियंता दिनेश यादवेन्दु को आगरा, एक्सईएन टेस्ट भूपेन्द्र सिंह को एटा स्थानान्तरित किया गया है। अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार लाल, रोहित शर्मा, एसपी सिंह की तैनाती मथुरा में की गई है। बलदेव एसडीओ नीरज कुमार शर्मा का स्थानान्तरण मध्यांचल में किया गया है। जल्द सहायक अभियंताओं के स्थानान्तरण संभव हैं। मथुरा जोन को सहायक अभियंता और मिलेंगे।

## किड्जी स्कूल के बच्चों को स्वस्थ रहने की दी जाएगी जानकारी

**यूनिक समय, मथुरा।** किड्जी स्कूल में 21 व 22 जून को होने वाले कार्यक्रमों में बच्चों को स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी जाएगी। स्कूल के प्रबंधक ने बताया कि कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों और उनके माता-पिता के लिए डिज़ाइन जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे।



## एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन से किया रवाना

# हाईटेक डायल 112 में जुड़ी 13 गाड़ियाँ, अब अपराधियों की खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** डायल 112 के बेड़े में आज 13 गाड़ियां और शामिल हो गई। आधुनिक तकनीकि से लैस इन गाड़ियों के मिल जाने से डायल 112 के घटनास्थल पर पहुंचने के समय में और कमी होगी। एसएसपी ने आज पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

डायल 112 प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण विंग है। सूचना मिलने पर जनता की सहायता को तत्काल 112 पहुंचती है। मथुरा जनपद में अब तक 63 फोर व्हीलर गाड़ियां और 27 टू व्हीलर गाड़ियां है। मथुरा को अब तक्नीकी से लैस 13 नई गाड़िया (स्कार्पियो) और मिल गई है। इनके मिलने से अब डायल 112 के काफिले में वाहनों की संख्या 103 हो गई है। एसपी सिटी ने बताया कि



आधुनिक तकनीकी से लैस 13 स्कार्पियो गाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर पुलिस लाइन से रवाना करते एसएसपी श्लोक कुमार और अन्य पुलिस अधिकारी।

### 112 के बेड़े में अब हो गए 103 वाहन

### छह मिनट से कम समय में पहुंचेगी सहायता को

अब तक डायल 112 के घटनास्थल पर पहुंचने में साढ़े छह मिनट का समय लगता था। इन गाड़ियों के मिलने से सूचना मिलने पर सहायता को पहुंचने में छह मिनट से भी कम समय लगेगा। एसएसपी श्लोक कुमार ने आज पुलिसलाइन में इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।




# जनसुनवाई: नगर आयुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मंगलवार को जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश ने जनसुनवाई की तो भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह तथा वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक ने जनसुनवाई की। नगर आयुक्त ने सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान 22 शिकायत प्राप्त हुई। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, अधिशासी अभियंता अमरेन्द्र गौतम, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल राम कैलाश आदि उपस्थित थे।

# कोसीकलां में कई स्थानों पर लगी स्ट्रीट लाइट बेकार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते शहर के कई इलाकों की सड़कों और गलियों में लगी स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। इसके चलते सड़कें शाम होते ही अंधेरे में डूब जाती हैं। शाम के समय महिलाओं और बुजुर्गों को सड़कों व गलियों से आने जाने में डर लगता है। स्ट्रीट लाइट लगने के बाद लोगों में यह आस जगी थी कि वे शहर की सड़कों व गलियों में आवागमन के दौरान अपने आप को सुरक्षित महसूस कर पाएंगे। लेकिन स्ट्रीट लाइट लगने के कुछ ही माह बीतने के बाद से लाइटें एक एक कर खराब होने लगीं। नगर के कुछ ही चुनिंदा इलाकों में स्ट्रीट लाइट सही तरीके से जलती है। सवाल है कि आखिर कब गलियों और सड़कों से अंधकार दूर होगा। नगर परिषद के जिम्मेदारों ने लाखों रुपए खर्च कर गलियों और सड़कों के किनारे खंभे और लाइटे लगाई, लेकिन कई जगह लाइटें जलती ही नहीं हैं अथवा खराब पड़ी हैं। शेरगढ़ रोड, ईदगाह रोड, थाना रोड, सब्जी मंडी, लिंक रोड तक लगे स्ट्रीट लाइट में सभी बन्द पड़ी हैं। संतोष जायसवाल, मुनव्वर कुरैशी,


कोसीकलां में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट का नजारा।

साकिर नंबरदार, यश जिन्दल, राज जायसवाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पथ प्रकाश की व्यवस्था को लेकर नगर पालिका प्रशासन गंभीर नहीं है। खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक करने में कोई रुचि नहीं ले रहा है। रात के समय बिजली रहने पर भी सड़क से गुजरने पर अंधेरे में होकर जाना पड़ता है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी निहाल सिंह कहना है कि सभी स्थानों पर पथ प्रकाश की बेहतर व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट खराब होने पर ठीक कराया जाता है। अगर कहीं स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है तो उसे ठीक करा दिया जाएगा।

# राया के व्यापारियों के साथ विधायक मिले सांसद से


विधायक पूरन प्रकाश के साथ राया के व्यापारी।

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा कटरा बाजार फाटक को बंद करने के संबंध में भाजपा के क्षेत्रीय विधायक ने व्यापारियों के साथ सांसद से मुलाकात कर समस्याओं से अगवत कराया। भाजपा विधायक पूरन प्रकाश ने व्यापारियों के साथ सांसद हेमामालिनी से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्हें फाटक बंद होने के दौरान आने वाली समस्या से अगवत कराया। सांसद हेमामालिनी ने रेलमंत्री से

### कटरा बाजार फाटक प्रकरण में केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

बात कर व्यापारियों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, अरविंद शर्मा, आलोक अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, नरेश भट्ट टोनी, प्रदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल तथा मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## बलात्कार करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस ने बलात्कार और छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वीरु उर्फ वीरेंद्र निवासी ग्राम अड्डा बाघर्रा व अरविंद उर्फ अर्जुन एक बलात्कार व छेड़ छाड़ के मामले में वंछित चल रहे थे। पुलिस ने उन्हें बाजना कट से गिरफ्तार कर लिया है।

# बाइक चोरी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

**यूनिक समय, वृंदावन।** किशोरपुरा निवासी सुरजीत की बाइक चोरी की घटना ने जैंत थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार सुरजीत होटल बृजवास में हाउसकीपिंग का कार्य करता है। 13 जून की रात लगभग साढ़े दस बजे जब होटल के बाहर से निकला, तो उसकी काली रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक गायब मिली। सुरजीत ने तत्काल होटल मैनेजर निशांत चतुर्वेदी को जानकारी दी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए कॉल कर 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने मौके पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें स्पष्ट रूप से एक युवक बाइक का लॉक तोड़ते और उसे लेकर फरार होते दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद भी जैंत थाना पुलिस ने तीन दिनों तक मुकदमा दर्ज करने की जरूरत नहीं समझी।

## मोबाइल चोर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने प्लेटफार्म संख्या आठ पर एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या आठ के आगरा एंड के समीप से पुलिस ने युवक जयपाल निवासी गांव साधन थाना अछनेरा आगरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल ट्रेन में यात्रा करते किसी यात्री का है।

# राजीव एकेडमी के 84 बीबीए छात्र-छात्राओं को मिली उच्च पैकेज पर जॉब

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बीबीए छात्रों के लिए 2025 का वर्ष सफलता की नई ऊँचाइयों का प्रतीक बना है। इस वर्ष आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में 41 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और कुल 122 जॉब ऑफर किए, जिनमें से 84 छात्रों ने उच्चतम पैकेज पर नियुक्ति स्वीकार की। इन छात्रों में छायन अग्रवाल और अक्षत शर्मा को 8.58 लाख वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति मिली है, जो न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवारों के लिए भी गर्व का विषय है। इसके अतिरिक्त, अम्बिका चौहान, अवनीत ओबेराय, दीपक अग्रवाल, ध्रुव जैन, दिवाकर भारद्वाज, हर्ष रावत, जतिन कुमार, करन सिंह तोमर, कौशल ठाकुर, मुस्कान शर्मा, नेहा अग्रवाल, प्राची सिंह, प्रियांशी शर्मा, श्रेया शर्मा, यशु मोर जैसे छात्रों ने भी विभिन्न कंपनियों में शानदार सफलता प्राप्त की है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग प्रमुख डॉ. विकास जैन के अनुसार, राजीव एकेडमी की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रणाली और उद्योग-सम्बंधित प्रशिक्षण छात्रों को प्रतिस्पर्धी बाजार में सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध हो रही है। आर.के. एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को न केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना है,



विभिन्न कम्पनियों में चयनित राजीव एकेडमी के बीबीए के छात्र-छात्राएं।

### इस वर्ष 41 कम्पनियां प्लेसमेंट को आईं, 122 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर

बल्कि उनके कौशल और व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना है, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सफल हो सकें। निदेशक डॉ. अभिषेक सिंह भदौरिया ने छात्रों की सफलता में माता-पिता और शिक्षकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि राजीव एकेडमी में छात्रों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ प्लेसमेंट की तैयारी भी कराई जाती है, जिससे वे अपने करियर में ऊँचाइयाँ छूने में सक्षम होते हैं।

# पौधारोपण कर समाज को किया जागरूक

यूनिक समय, सुरीर। मांट विधानसभा क्षेत्र गांव जराग निवासी संजय राघव मुखिया ने अलखेश्वर धाम परिसर में पौधारोपण किया। ग्रामीणों से वातावरण को हरित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। इस अवसर पर आनन्द दास महाराज, हरीकृष्ण शर्मा, रीता देवी, रूप सिंह एवं बबलू सिंह आदि ने सहयोग किया।


अलखेश्वर धाम परिसर में पौधारोपण करते ग्रामीण।

## ब्रजवासियों की पुकार कॉरिडोर बनवाए सरकार

# भक्ति की ईंटों से गढ़ा जाएगा बांके बिहारी का भव्य कॉरिडोर



नव सृजन ब्रज मंडल संस्था व मिशन शक्ति समूह की महिलाओं ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ईंट देकर कॉरिडोर का समर्थन करती हुई।

### महिलाओं ने डीएम को कॉरिडोर के समर्थन को दिया पत्र

### नवसृजन व मिशन शक्ति समूह की महिलाओं ने पहल की

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मंगलवार को एक नई पहल के साथ ब्रजवासी महिलाओं व मिशन शक्ति ने कॉरिडोर का समर्थन किया है। नव सृजन ब्रज मंडल संस्था की महिलाओं ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ईंट देकर कॉरिडोर का पुरजोर समर्थन किया। महिलाओं ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को सुदृढ़ सुविधाएं मिलेंगी। कॉरिडोर निर्माण से रोजगार का सृजन भी होगा। परिवर्तन ही संसार का नियम है। श्री बांके बिहारी कॉरिडोर का बनना वर्तमान समय को आवश्यकता है, क्योंकि यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। सुविधाएं नाम मात्र की मन्दिर द्वारा की जा रही है। पुरानी परंपराओं की दुहाई देकर कॉरिडोर का विरोध गोस्वामियों द्वारा किया जा रहा है। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती गंगारानी चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी एवं संरक्षक महेश चतुर्वेदी सहित संस्था की विभिन्न सदस्य उपस्थित थीं।

## महोली रोड पर 22 को निकाली जाएगी परशुराम की शोभायात्रा



भगवान परशुराम की शोभायात्रा का निमंत्रण देते हुए मुख्य संरक्षक राजकुमार शर्मा, संयोजक राजेश शर्मा, शोभा यात्रा अध्यक्ष बलराम शर्मा, विनोद दीक्षित श्वेता शर्मा व अन्य।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान परशुराम शोभायात्रा कमेटी महोली रोड द्वारिकापुरी में 22 जून को निकलने वाली भगवान परशुराम शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक हुई। मुख्य संरक्षक राजकुमार शर्मा ने कहा कि यह शोभायात्रा समाज को संदेश देने के साथ नई दिशा देने का काम करेगी। पूर्व पार्षद श्वेता शर्मा ने कहा इस बार महिलाओं की भागीदारी पहले से अधिक होगी।

अलग–अलग क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। शोभा यात्रा की महिला अध्यक्ष अंजली पाठक ने कहा अलग–अलग क्षेत्र में समाज के लिए सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को शोभायात्रा के समापन पर सम्मानित किया जाएगा। शोभा यात्रा के मुख्य संयोजक राजेश पाठक ने कहा है कि 22 जून को निकालने वाली शोभायात्रा संपूर्ण बृज मंडल से विप्रो को आमंत्रित किया जा रहा है। शोभा यात्रा के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने कहा है महेंद्र सिंह शर्मा की स्मृति में 151 प्रबुद्ध जनों के साथ मातृ शक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में विनोद दीक्षित, राम प्रकाश शर्मा एडवोकेट, ब्रह्मदेव शर्मा, पंकज शर्मा, ममता शर्मा, रेखा शर्मा तथा रिचा शर्मा आदि उपस्थित थे।

## नायब तहसील, लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों के तबादले

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में तीन नायब तहसीलदारों सहित डेढ़ दर्जन लेखपालों, राजस्व निरीक्षक को नई तैनाती पर भेजा गया है। इनमें से आधा दर्जन ऐसे लेखपाल शामिल है जिनकी तैनाती एक जगह पर 10 वर्ष से अधिक रही है। डीएम सीपी सिंह ने तीन नायब तहसीलदारों को नई तैनाती दी है। नायब तहसीलदार मांट पंकज यादव को नायब तहसीलदार मथुरा सदर, नायब तहसीलदार मथुरा जितेंद्र सिंह को नायब तहसीलदार मांट तथा नायब तहसीलदार महावन शाविका शर्मा को नायब तहसीलदार मथुरा में तैनाती दी गयी है। वहीं डेढ़ दर्जन लेखपालों को भी इधर से उधर किया गया है। इनमें से आधा दर्जन लेखपालों को प्रमोशन के बाद राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है इनमें जगवीर सिंह को मथुरा से मांट, मोहन स्वरूप शर्मा को महावन से मथुरा सदर, बलवीर सिंह को मथुरा से गोवर्धन, सपन भारद्वाज को गोवर्धन से महावन, खेम सिंह को गोवर्धन से मांट, श्याम बिहारी तरकर को मथुरा से गोवर्धन में राजस्व निरीक्षक, ईश्वरी प्रसाद राजस्व निरीक्षक महावन को मथुरा स्थानांतरित किया है। प्रशासनिक स्तर पर लेखपाल रामनरेश को मथुरा से महावन, दीपक देव को मथुरा से महावन, मुकेश कुमार को मथुरा से मांट, हरि प्रकाश को मांट से मथुरा, योगेंद्र सिंह को महावन से मांट, चैतन्य स्वरूप को मथुरा से मांट, धर्मेंद्र चौधरी को मांट से मथुरा, रीमा तोमर को छाता से मथुरा, अशोक कुमार को छाता से मथुरा, भूरी सिंह को महावन से मथुरा, भूदेव प्रसाद को मांट से मथुरा, योगेंद्र पाल सिंह को महावन से मथुरा की तहसीलों में तैनाती दी।

## मोदी सरकार अमेरिका–इजराइल गठजोड़ पर नहीं चले: नसीर शाह

वरिष्ठ संवाददाता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले गुट) के पदाधिकारी फिलिस्तीन एक जुटता दिवस के कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

### भाकपा (माले) ने मनाया फिलिस्तीन एकजुटता दिवस

**यूनिक समय, मथुरा।** भाकपा (माले) जिला कमेटी के बैनर तले वामदलों के राष्ट्रीय आह्वान पर फिलिस्तीन के साथ "एकजुटता दिवस" कचहरी परिसर में मनाया गया। पार्टी के राज्य स्थायी समिति सदस्य कामरेड नशीर शाह एडवोकेट ने बताया कि भारत हमेशा से फिलिस्तीन को एक अलग स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देकर समर्थन करता रहा है, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद निर्गुट देश की विदेश नीति को पूरी तरह बदल कर अमेरिका परस्त कर दिया गया है। अमेरिका पूरी तरह इजराइल का समर्थन कर रहा है इसलिये मोदी सरकार इजराइल के साथ पींक बढ़ाने में लगी हुई है।

वामदलों का स्पष्ट मानना है कि गाजा में इजराइल द्वारा जारी नर संहार और अमानवीय रूप से की जा रही नाके बंदी को समाप्त कर युद्ध विराम किया जाय। साथ ही वाम पार्टी मोदी सरकार को आगाह करती हैं कि वह इजराइल-अमेरिका गठजोड़ के प्रति समर्थन की भूमिका निभाना तुरंत बंद करे। एकजुटता दिवस में जिला मंत्री उत्कर्ष चतुर्वेदी एडवोकेट जिला कमेटी सदस्य शिवकुमार एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता खुर्शीद अहमद एडवोकेट, विशन चंद अग्रवाल एडवोकेट, नईम शाह एडवोकेट, पवन कुमार एडवोकेट, शहवाज एडवोकेट, अब्बास एडवोकेट, नरेंद्र चौधरी एडवोकेट, अमन शाह एडवोकेट, विवेक रियार, रोहित चतुर्वेदी, कामिल कुरैशी एडवोकेट एवं नेत्रपाल सिंह आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकास वर्ग का समापन समारोह सम्पन्न



**यूनिक समय, फरह।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र का 19 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग–प्रथम 17 जून को दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र, परखम में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विमर्श संयोजक मुकुल कानिटकर, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. डॉ. निर्मल चन्द्र प्रजापति, वर्ग सर्वाधिकारी शशांक भाटिया और जिला संघ चालक दास बिहारी जी उपस्थित रहे।

मुकुल कानिटकर ने कहा कि समापन संकल्प का अवसर है।

डॉ. हेडगेवार का उद्देश्य था कि भारत न केवल स्वतंत्र हो, बल्कि सशक्त राष्ट्र भी बने। संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण व सामाजिक समरसता है। उन्होंने स्वदेशी को जीवन में अपनाने और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर बल दिया।

प्रो. प्रजापति ने कहा कि संघ आधुनिक युग में भी राष्ट्रभक्ति की भावना जाग्रत कर रहा है। वर्ग कार्यवाह नरेश ने प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया। वर्षा के कारण कार्यक्रम हॉल में आयोजित हुआ।

## बी फार्मा के 11 छात्रों का कोरो हेल्थ कम्पनी में चयन



चयनित छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल एवं अन्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा में बी फार्मा के 11 छात्रों का चयन नोएडा स्थित कोरो हेल्थ कंपनी में हुआ है। यह चयन मेडिकल कोडिंग क्षेत्र में जूनियर एक्जीक्यूटिव पद के लिए हुआ है। चयनित छात्रों में अदिति सिंह, चिराग दीक्षित, ज्योति जादौन, कषिष अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, प्रसांत चौधरी, रिया सिंह, सोहिल खान, तनीषा यादव, उज्वल शर्मा और वंषिका वर्मा शामिल हैं। इस अवसर पर छात्रों ने कॉलेज परिवार का आभार व्यक्त किया और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, फार्मेसी विभाग के निदेशक डॉ. राकेश सैनी और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख अमित अग्रवाल को दिया। उन्होंने बताया कि कॉलेज ने उन्हें तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की, जो इस सफलता में सहायक रही। कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इंजीनियर नितिन मित्तल, संचालन मंडल सदस्य इंजीनियर उमेश गोयल, निदेशक प्रोफेसर डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल और रजिस्ट्रार भगवान सिंह ने छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि वे प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों में आकर्षक पैकेज पर रोजगार प्राप्त कर सकें।

## योग दिवस की तैयारियां शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर आयुर्वेदिक क्षेत्रीय विभाग की ओर से वृंदावन स्थित गांधी पार्क में 21 जून तक योग शिविर चलाया जाएगा। आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. गोपाल सिंह ने बताया कि योग दिवस को लेकर तैयारियां शुरू करा दी गई है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश विश्वकर्मा, प्रशिक्षक विदिति गौतम ने कहा कि योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है।

## पुलिस ने शातिर चोर पकड़ा

**यूनिक समय, मथुरा।** मगोर्रा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी का पर्स, जेवरात व 24 हजार की नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने एक सूचना के आधार पर लेडी पर्स चोरी करने वाले शातिर चोर गांव शोकर थाना खेड़ली जिला अलवर राजस्थान निवासी प्रमोद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक लेडीज पर्स के अलावा सोने चांदी के जेवरात और 24 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है।

## प्लेटफॉर्म 2/3 के बीच एक व्यक्ति ट्रेन से कटा

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन पर प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 के मध्य जाने वाली मेन लाइन पर एक व्यक्ति का शव क्षत विक्षत हालत में पड़ा होने का पता लगने पर मौके पर पर रेलवे अधिकारी पहुंच गए। राजकीय रेलवे पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नाचने से मना करने पर मारपीट

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के मोहल्ला निकासा में नाचने से मना करने पर दो लोगों में मारपीट हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पीड़ित फरमान ने बताया कि वह सोफियान की दुकान पर भुगतान लेने के लिए गया था। तभी वहां बज रहे बैंड बाजे पर नाचने के लिए भुल्ला ने जबरन खींच लिया। मना करने पर उसने नईम, नदीप, इल्ला को बुलाकर मारपीट कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रातभर एसी चलाकर सोने से पहले जरूर करें ये काम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गर्मी अपने चरम पर है और देश के कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया है। ऐसे में बिना एसी के रहना लगभग नामुमकिन हो गया है। लोग चैन की नींद पाने के लिए रातभर एयर कंडीशनर (एसी) चलाकर सोते हैं। हालांकि, इससे गर्मी से राहत तो जरूर मिलती है, लेकिन इसके कई साइड इफेक्ट्स भी हैं, जो आपकी सेहत को धीरे–धीरे नुकसान पहुंचा सकते हैं।

एसी लगातार चलने से कमरे की हवा में नमी की मात्रा कम हो जाती है। इसका असर सबसे पहले हमारी त्वचा पर दिखता है। स्किन रूखी और बेजान हो जाती है, होंठ फटने लगते हैं, नाक सूख जाती है और आंखों में जलन शुरू हो सकती है। कुछ लोगों को सुबह उठते ही गले में खराश, नाक बंद होने या सिर भारी लगने की

## सेहत के भारी नुकसान से बचना है तो ये आसान उपाय ज़रूर अपनाएं

शिकायत होती है। खासकर जिन लोगों को साइनस या सांस संबंधी समस्या है, उन्हें एसी में ज्यादा देर रहना भारी पड़ सकता है। इससे बचने के लिए बहुत ही आसान और घरेलू उपाय अपनाया जा सकता है "रात में ऐसी वाले कमरे में एक बाल्टी पानी रख दें।" यह एक नेचुरल ह्यूमिडिफायर की तरह काम करता है। जब पानी धीरे–धीरे वाष्प बनकर कमरे में फैलता है, तो वह हवा में नमी बनाए रखता है। इससे वातावरण संतुलित रहता है और त्वचा व सांस की नली को राहत मिलती है। इस उपाय से



आपकी नींद की गुणवत्ता भी बेहतर होती है और सुबह आप तरोताजा महसूस करते हैं। इस उपाय को और भी प्रभावी बनाने के लिए पानी की बाल्टी में कुछ बूंदें एसेंशियल ऑयल (जैसे लैवेंडर, नींबू या पुदीना) की डाल सकते हैं या फिर नींबू के छिलके भी रख सकते हैं। इससे कमरे में नमी के साथ–साथ एक हल्की–सी ताजगी भरी खुशबू भी बनी रहती है। ध्यान रखें कि इस पानी को रोज बदलना ज़रूरी है, क्योंकि इसमें मच्छर पनप सकते हैं। पानी को खिड़की या पंखे के पास रखना ज्यादा फायदेमंद होता है, जिससे वाष्पीकरण तेज हो और नमी पूरे कमरे में फैले। तो अगर आप भी गर्मी से राहत पाने के लिए एसी का सहारा लेते हैं, तो इस आसान से उपाय को जरूर अपनाएं। इससे न केवल आपको बेहतर नींद मिलेगी, बल्कि आपकी सेहत भी सुरक्षित रहेगी।

# कमजोर हड्डियों को फौलादी बनाने के लिए खाएं ये सुपरफूड्स

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आजकल सिर्फ बुजुर्ग ही नहीं, युवा भी हड्डियों की कमजोरी से जूझ रहे हैं। इसकी वजह है भागदौड़ भरी जिंदगी, घंटों बैठकर काम करना और पौष्टिक भोजन की जगह फास्ट फूड पर निर्भरता। आमतौर पर हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम और विटामिन डी के सप्लीमेंट लेने की सलाह दी जाती है, लेकिन हमारे आसपास कुछ ऐसे प्राकृतिक और देसी सुपरफूड्स हैं जो बिना किसी साइड इफेक्ट के हड्डियों को ताकतवर बना सकते हैं। जानिए ऐसे 4 सुपरफूड्स के बारे में जो आपकी हड्डियों को अंदर से मजबूत करेंगे।

**रागी :** रागी जिसे मडुआ या नाचनी भी कहा जाता है, कैल्शियम से भरपूर अनाज है।

100 ग्राम रागी में लगभग 344 मिलीग्राम कैल्शियम होता है, जो दूध से भी ज्यादा है। यह हड्डियों की मजबूती और घनत्व बढ़ाने में मदद करता है। आप इसे रागी दलिया, रोटी या रागी लड्डू के रूप में रोजाना अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

**गोंद :** गोंद या गोंद कतीरा एक प्राकृतिक राल है जो हड्डियों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें मौजूद कोलेजन हड्डियों की लचीलापन और



जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखता है। गोंद के लड्डू, खासकर सर्दियों में, सूखे मेवों और देसी घी के साथ मिलाकर बनाए जाते हैं, जिससे ये सुपरफूड का काम करते हैं।

**सफेद तिल :** सफेद तिल में न सिर्फ कैल्शियम, बल्कि जिंक, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस भी होता है। ये मिनरल्स हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और फ्रैक्चर के खतरे को कम करते हैं। तिल को भूनकर चटनी, लड्डू या तिलगुड़ की चिक्की के रूप में खाएं, फायदा ज़रूर होगा।

**मोरिंगा के पत्ते :** सहजन यानी मोरिंगा के पत्तों को अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इसमें मौजूद कैल्शियम, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स हड्डियों को ताकत देते हैं और मांसपेशियों की थकान कम करते हैं। मोरिंगा की सब्जी या पत्तियों का पाउडर दाल या सूप में मिलाकर लें।

# सुबह अंजीर का पानी पीने से सेहत को मिलते हैं बेहतरीन फायदे

**यूनिक समय, मथुरा।** सुबह खाली पेट अंजीर का पानी पीना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। अंजीर में मौजूद फाइबर, विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट इसे एक पोषक और शक्तिशाली पेय बनाते हैं।

**पाचन में सुधारः**
अंजीर फाइबर का बेहतरीन स्रोत है। इसका पानी पीने से कब्ज में राहत मिलती है और मल त्याग आसान होता है। यह आंतों के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है।

**हृदय को बनाए स्वस्थः**
अंजीर में पोटैशियम, ओमेगा–3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

**हड्डियों को मजबूत बनाएः**
इसमें कैल्शियम, फास्फोरस और



मैग्नीशियम जैसे खनिज होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाकर ऑस्टियोपोरोसिस से बचाते हैं।

**इम्युनिटी बढ़ाएः**
अंजीर का पानी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है, जिससे शरीर संक्रमण और बीमारियों से बेहतर तरीके से लड़ता है।

**स्किन के लिए फायदेमंदः**
विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर अंजीर का पानी त्वचा को चमकदार और स्वस्थ बनाता है। यह एजिंग के लक्षणों को भी कम कर सकता है। यह उम्र बढ़ने के लक्षण जैसे झुर्रियों और ढीली त्वचा को कम करने में मदद करता है।

# बासी खाना क्यों नहीं खाना चाहिए?

**यूनिक समय, मथुरा।** बचपन से ही हमें सिखाया गया है कि ताजा खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है और बासी खाना हानिकारक। आजकल की तेज़ रफ्तार जिंदगी में कई लोग बचे हुए खाने को बार–बार गर्म करके खाते हैं, लेकिन यह आदत आपकी सेहत को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बासी खाना खाने से फूड पॉइजनिंग की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि बासी भोजन में बैक्टीरिया और फंगस तेजी से पनपते हैं, जिससे शरीर में विषैले तत्व बन सकते हैं। इससे पेट दर्द, उल्टी, दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, बासी खाने में मौजूद पोषक तत्व धीरे–धीरे खत्म होने लगते हैं। इससे शरीर को जरूरी विटामिन, मिनरल और प्रोटीन नहीं मिल पाते, जिससे इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। कमजोर



इम्यूनिटी के कारण आप जल्दी–जल्दी बीमार पड़ सकते हैं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को बासी खाना देने से बचना चाहिए क्योंकि उनका पाचन तंत्र पहले से ही कमजोर होता है। बासी खाना गट हेल्थ यानी पाचन तंत्र को भी बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। इससे गैस, अपच, सूजन और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सलाह दी जाती है कि खाना बनने के 1 से 2 घंटे के अंदर ही उसका सेवन कर लेना चाहिए। 6 से 8 घंटे बाद खाना बासी हो जाता है और इसमें हानिकारक जीवाणु पनप सकते हैं। हमेशा ताजा और गरम भोजन को प्राथमिकता दें और सेहतमंद रहें।

# रोज सिर्फ 2 भीगे हुए अखरोट खाने से मिलते हैं जबर्दस्त फायदे



**यूनिक समय, मथुरा।** ड्राई फ्रूट्स में शामिल अखरोट को पोषण का खजाना कहा जाता है। लेकिन गर्मियों में इन्हें सही तरीके से खाना जरूरी होता है, और भीगे हुए अखरोट सबसे लाभकारी माने जाते हैं। सिर्फ 2 भीगे हुए अखरोट रोजाना खाने से शरीर को कई गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। आइए जानते हैं इसके सेवन से मिलने वाले बेहतरीन फायदेः

**दिमाग को तेज बनाए :**
भीगे अखरोट में मौजूद ओमेगा–3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। यह याददाश्त को मजबूत करने और दिमागी थकावट को कम करने में सहायक है।

**पाचन क्रिया में सुधार :**
अखरोट में भरपूर फाइबर होता है जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है। इससे कब्ज और अपच जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

**वजन घटाने में सहायक :**
फाइबर और प्रोटीन से भरपूर भीगे अखरोट भूख को लंबे समय तक दबाए रखते हैं, जिससे ओवरईटिंग नहीं होती और वजन घटाने में मदद मिलती है।

**स्किन को बनाए चमकदार :**

## रोज खाएं और शरीर को सेहतमंद बनाएं

अखरोट में मौजूद विटामिन इ और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को नमी देते हैं, जिससे त्वचा में ग्लो आता है और झुर्रियां कम होती हैं।

**हड्डियों को बनाएं मजबूत :**
भीगे अखरोट कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस का अच्छा स्रोत हैं, जो हड्डियों को ताकत देने और गठिया जैसी समस्याओं से बचाव में मदद करते हैं। **डायबिटीज मरीजों के लिए वरदान :**
रोजाना दो भीगे अखरोट ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने में सहायक हो सकते हैं। टाइप–2 डायबिटीज वाले लोग इसे डाइट में जरूर शामिल करें।

**दिल को रखें स्वस्थ :**
अखरोट हेल्दी फैट्स और ओमेगा–3 से भरपूर होता है जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है और दिल को बीमारियों से बचाता है।

रोजाना खाली पेट 2 भीगे अखरोट खाना एक छोटी सी आदत है, लेकिन इसके फायदे बहुत बड़े हैं। ये आपके शरीर, दिमाग, दिल और स्किन सभी को सेहतमंद बनाए रखने में मदद करते हैं।

# लीची के साथ कभी न खायें यह चार चीजें, जहर से कम नहीं

## लीची खाने से पहले जान लें ये जरूरी बातें

**यूनिक समय, मथुरा।** गर्मी का मौसम आते ही बाजारों में मीठे और रसीले फलों की बहार आ जाती है। आम, तरबूज और खरबूज के साथ–साथ लीची भी खूब पसंद की जाती है। लीची न सिर्फ स्वाद में बेहतरीन होती है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। इसमें विटामिन सी, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स, पोटैशियम और कई जरूरी मिनरल्स पाए जाते हैं जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और त्वचा, पाचन, बालों और दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। हालांकि, हर चीज की तरह लीची का भी सीमित और सही तरीके से सेवन करना जरूरी है। अगर लीची



को कुछ खास चीजों के साथ खाया जाए, या अत्यधिक मात्रा में खा ली जाए तो इसके फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे हैं जिनके साथ लीची खाना स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। आइए जानते हैं कि लीची किन चीजों के साथ नहीं खानी चाहिए और इसे खाने में किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए।

**दूध के साथ लीची न खाएं :** लीची खाने के तुरंत बाद दूध पीने से परहेज करना चाहिए। दोनों के संयोजन से पेट में एसिडिटी और अपच हो सकती है। इससे पेट फूला हुआ लग सकता है और गैस की समस्या हो सकती है। खासकर अगर पेट संवेदनशील हो तो यह कॉम्बिनेशन तकलीफदेह हो सकता है।

**सेब के साथ न खाएं :** सेब और लीची दोनों ही एसिडिक फल हैं। एक साथ सेवन करने पर शरीर में एसिड का स्तर बढ़ सकता है, जिससे अपच, एसिड रिफ्लक्स और पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। सेब और लीची को एक साथ खाने से पाचन तंत्र पर अधिक दबाव पड़ता है।

**केले के साथ सेवन करने से बचें :** केला एक भारी और सबएसिडिक फल है। लीची और केला साथ खाने पर पेट में गैस बन सकती है, डायरिया और उल्टी की समस्या हो सकती है। जिनका पाचन कमजोर है या जो पेट की बीमारियों से जूझ रहे हैं, उन्हें इस संयोजन से खास सावधानी बरतनी चाहिए।

**ज्यादा मीठे फलों से परहेज करें :** लीची खुद में ही मीठा फल है। अगर इसके साथ अधिक मीठे फल जैसे आम, अंगूर, चीकू आदि खाए जाएं तो यह ब्लड शुगर लेवल को अचानक बढ़ा सकते हैं, जिससे शुगर के मरीजों को खतरा हो सकता है। साथ ही, बहुत मीठा खाने से पेट में जलन, गैस और दर्द हो सकता है।

## सुविचार

जो रुकते नहीं, वही इतिहास रचते हैं हर दौर में।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 01:35-11:55 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | पूर्वभाद्रपदा | 01:01-12:23 तक | माह | आषाढ़ |
| सूर्योदय | | 5:45 AM | चन्द्रोदय | 12:29 AM |
| सूर्यास्त | | 7:10 PM | चंद्रास्त | 12:56 PM |
| सूर्य राशि | | मिथुन राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | | ब्रहम् मुहूर्त | 04:09-04:57 |
| त्योहार/व्रत | | कालाष्टमी | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 12:28PM–02:08PM | वार | बुधवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### भगवान अलारनाथ की अद्भुत कथा

# भगवान के चेहरे और हाथ पर पड़ गए थे फफोले

**यूनिक समय, मथुरा।** पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर में स्नान पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का विशेष अभिषेक होता है। इस महास्नान के बाद 15 दिनों तक भगवान दर्शन नहीं देते, जिसे 'अनासार काल' कहा जाता है। इस दौरान श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर अलारनाथ मंदिर जाते हैं।

इस मंदिर की महिमा एक विशिष्ट पौराणिक कथा से जुड़ी है। मान्यता है कि सतयुग में ब्रह्मा जी ने कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया था। भगवान ने उन्हें मूर्ति बनाने का आदेश दिया, जिसे काले मृगमुगुनी पत्थर पर उकेरा गया और वही मूर्ति आज अलारनाथ के नाम से पूजित है।

एक और कथा राजा इंद्रद्युम्न और ब्रह्मा जी से जुड़ी है, जिन्होंने ब्रह्मगिरि क्षेत्र में भगवान विष्णु की पूजा की थी। वहीं स्थान आगे चलकर अलारनाथ के रूप में प्रसिद्ध हुआ।



**अलारनाथ नाम की उत्पत्ति :** यह नाम द्रविड़ भाषा के 'आलोयार' शब्द से आया है, जिसका अर्थ होता है 'भक्त'। 'आलोयारनाथ' शब्द समय के साथ अपभ्रंश होकर 'अलारनाथ' बन गया, जो आज इस मंदिर की पहचान है।

**खीर भोग और फफोलों की कथा :** अलारनाथ मंदिर में खीर भोग से जुड़ी एक मार्मिक कथा भी प्रसिद्ध है। पुजारी श्रीकेतन के बेटे ने श्रद्धा से भगवान को खीर अर्पित की, जिसे भगवान ने स्वयं ग्रहण किया। जब पुजारी ने यह देखा और भगवान को रोकने दौड़ा, तो गर्म खीर भगवान के हाथ और चेहरे पर गिर गई, जिससे उनके शरीर पर फफोले पड़ गए। आज भी मूर्ति पर यह जलने के निशान स्पष्ट दिखाई देते हैं।

इस घटना के बाद श्रीकेतन भगवान से बहस करने लगे और भगवान ने उन्हें श्राप दिया कि उनका कुल समुद्र में समा जाएगा। केवल उनके पुत्र मधुसूदन को स्वर्ग की प्राप्ति होगी। इस शाप के बाद वर्षों तक भगवान अलारनाथ अपूज्य रहे।

**गजपति राजा की मनोकामना :** उबाद में कलिंग के गजपति राजा पुरुषोत्तम देव ने अलारनाथ से मनोकामना की कि

### मूर्ति पर आज भी दिखते हैं दाग

### भक्तों की भक्ति की अमर गाथा

यदि उनका कांची अभियान सफल होता है, तो वे भगवान की सेवा के लिए पुजारी नियुक्त करेंगे। विजय के बाद राजा ने वचन निभाया और एक पंडा एवं एक सूपकार को नियुक्त किया। आज भी वही परंपरा जारी है।

**आस्था का केंद्र खीर प्रसाद :** आज भी मंदिर में खीर को विशेष भक्ति और श्रद्धा से भगवान को अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि भगवान अलारनाथ स्वयं इसे ग्रहण करते हैं। यही कारण है कि क्षीरिभोग आज भी भक्तों के बीच श्रद्धा और चमत्कार का प्रतीक माना जाता है। इस कथा में भक्ति, चमत्कार और दैवीय करुणा की जो झलक मिलती है, वह अलारनाथ मंदिर को विशेष और अद्वितीय बना देती है।

### काशी के तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर का रहस्य

# हर साल मकर संक्रांति पर बढ़ता है शिवलिंग का आकार!



**यूनिक समय, मथुरा।** वाराणसी जिसे काशी और शिव की नगरी कहा जाता है, चमत्कारों की भूमि मानी जाती है। इन्हीं चमत्कारों में से एक है केदारखंड क्षेत्र के पांडे हवेली गली में स्थित तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर, जहां स्थापित शिवलिंग हर वर्ष मकर संक्रांति पर एक तिल के बराबर बढ़ जाता है। यही कारण है कि यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था और कौतूहल का केंद्र बना हुआ है।

**मंदिर की विशेषता और रहस्य :** यह शिवलिंग जमीन से करीब 100 फीट की उंचाई पर स्थित है, जहां पहुंचने के लिए भक्तों को लगभग 30 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। मंदिर में स्थापित शिवलिंग सामान्य शिवलिंगों की तुलना में काफी बड़ा है और इसकी खासियत यही है कि यह स्वयंभू (स्वतः उत्पन्न) है। पुजारियों के अनुसार, शिवलिंग का एक विशाल भाग जमीन के नीचे स्थित है। मान्यता है कि द्वापर युग में यह शिवलिंग प्रतिदिन तिल के आकार में बढ़ता था, लेकिन कलियुग में यह प्रक्रिया केवल मकर संक्रांति के दिन होती है। इस वृद्धि का अनुभव सिर्फ मंदिर के मुख्य पुजारी ही कर सकते हैं।

**कथा और आस्था :** इस चमत्कारी शिवलिंग की कथा विभांडा ऋषि से जुड़ी है, जो यहां भगवान शिव को तिल और गंगाजल अर्पित करते थे। एक दिन तप के दौरान उनके घड़े का सारा तिल भूमि पर गिर गया, तभी भगवान शिव प्रकट हुए और यह स्थान तिलभांडेश्वर महादेव के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

**ज्योतिषीय दोषों से मुक्ति का स्थानः** पंडित संजय उपाध्याय के अनुसार, यहां पूजा करने से 27 नक्षत्रों और 9 ग्रहों की शांति होती है। जिनकी कुंडली में राहु–केतु, शनि या अन्य ग्रह दोष होते हैं, वे यहां जलाभिषेक करते हैं और उन्हें मानसिक और पारिवारिक सुख की प्राप्ति होती है।

**मोक्ष और भैरवी यातना से मुक्ति :** कहा जाता है कि यहां शिवलिंग पर जल चढ़ाने से व्यक्ति को भैरवी यातना से मुक्ति मिलती है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। काशी यात्रा पर आने वाले भक्तों को बाबा विश्वनाथ के दर्शन के साथ तिलभांडेश्वर महादेव के दर्शन अवश्य करने चाहिए, जहां रहस्य और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

# बिज़नेस में तरक्की चाहिए तो नॉर्थ दिशा में रखें इन्वर्टर या पावर बैंक

**यूनिक समय, मथुरा।** अगर आपके बिज़नेस में लगातार क्लाइंट्स की कमी हो रही है या ऑर्डर नहीं मिल रहे, तो अब वक्त है वास्तु के एक छोटे लेकिन असरदार उपाय को अपनाने का। वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार, घर या ऑफिस में इन्वर्टर या पावर बैंक को नॉर्थ दिशा में रखने से नए अवसर और क्लाइंट्स मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

**नॉर्थ दिशा का महत्व :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, उत्तर दिशा (नॉर्थ) को अवसरों और तरक्की की दिशा माना गया है। यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा और नए कामों के लिए जिम्मेदार होती है। विशेषज्ञ हिमाचल सिंह बताते हैं कि यदि इस दिशा को ठीक से सक्रिय किया जाए, तो व्यापार में तेजी से ग्रोथ देखी जा सकती है।



अगर आपके घर या ऑफिस में इन्वर्टर किसी और दिशा में है, तो पूरा सेटअप बदलने की जरूरत नहीं है। आप चाहें तो एक छोटा पावर बैंक, चार्जर या बैटरी डिवाइस इस दिशा में रख सकते हैं। इसे टेबल या शेल्फ पर रखें ताकि रोज़ आपकी नजर पड़े और दिशा सक्रिय बनी रहे।

सही दिशा में रखे इन डिवाइसेज़ का असर कुछ ही दिनों में दिखने लगता है। अगर आप सकारात्मक सोच के साथ इस बदलाव को अपनाते हैं, तो जल्दी ही नए क्लाइंट्स और काम के मौके मिलने लगेंगे।

**छोटा बदलाव, बड़ा असरः** अगर आप व्यापार में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो नॉर्थ दिशा को सक्रिय करना शुरू करें।

# भारत में राहु के प्रमुख मंदिर: दर्शन मात्र से मिलती है राहु–केतु और शनि की कृपा

**यूनिक समय, मथुरा।** राहु को वैदिक ज्योतिष में छाया ग्रह माना गया है और इसे कलियुग का राजा कहा गया है। मान्यता है कि राहु की पूजा से जीवन के कष्ट, भ्रम, रोग और धनहानि जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलती है। भारत में राहु के कुछ विशेष मंदिर हैं, जहां दर्शन मात्र से राहु–केतु और शनि की कृपा प्राप्त होती है।

**उत्तराखंड का पैठाणी गांवः** पौड़ी जिले के पैठाणी गांव में स्थित राहु मंदिर को देश का एकमात्र राहु मंदिर कहा जाता है। इसे इन्द्रेश्वर मंदिर भी कहते हैं। पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु द्वारा राक्षस स्वरभानु का सिर काटे जाने के बाद उसका सिर यहीं गिरा था। मंदिर दो नदियों उर्मिका और नवालिका के संगम पर स्थित है और यहां राहु शिला आज भी विद्यमान है। यह मंदिर भगवान शिव और राहु की संयुक्त पूजा के लिए प्रसिद्ध है।



**तमिलनाडु का थिरुनागेश्वरम मंदिरः** कुंभकोणम के निकट स्थित यह मंदिर नवग्रहों में राहु को समर्पित है। यहां शिवलिंग नागनाथर के रूप में स्थापित है और पार्वती देवी पीरसूदी अम्मन के रूप में पूजित हैं। चोल कालीन स्थापत्य कला से सजा यह मंदिर राहु दोष से मुक्ति का प्रमुख स्थल है। **आंध्र प्रदेश का श्रीकालहस्ती मंदिरः** चित्तूर जिले में स्वर्णमुखी नदी के किनारे स्थित श्रीकालहस्ती मंदिर में राहु और केतु की संयुक्त पूजा होती है। यहां का शिवलिंग वायु तत्व का प्रतिनिधित्व करता है और बिना स्पर्श के पूजा होती है। यहां दर्शन करने से राहु–केतु दोष से मुक्ति मिलती है। इन मंदिरों का दर्शन और पूजा राहु के अशुभ प्रभावों को शांत करने और जीवन में सुख–समृद्धि लाने का माध्यम माने जाते हैं।

## सम्पादकीय

# मामूली विवाद पर पुलिस की बर्बरता

पुलिस बल का मुख्य दायित्व अपराधों की रोकथाम और कानून–व्यवस्था बनाए रखना है, लेकिन जब यह दायित्व क्रूरता में बदल जाए, तो सवाल उठना लाज़मी हो जाता है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में घटी एक घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है, जिसमें भारतीय मूल के गौरव कुंडी नामक युवक के साथ पुलिस की कठोरता ने उसकी जान ही ले ली।

घटना एडिलेड के एक पार्क में हुई, जहाँ गौरव अपनी पत्नी के साथ किसी घरेलू बहस में लिप्त थे। इसी मामूली बात को घरेलू हिंसा का रूप मानते हुए ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने हस्तक्षेप किया और बिना किसी ठोस आधार के गौरव को ज़मीन पर गिराकर उसकी गर्दन पर घुटना रख दिया। पुलिस की यह क्रूरता इतनी भयानक थी कि गौरव को ब्रेन इंजरी हो गई और वह कोमा में चला गया। इलाज के दौरान, पुलिस हिरासत में रहते हुए, अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई।



पवन गौतम
संपादक

हैरत की बात यह रही कि घटना के समय गौरव की पत्नी ने भी पुलिस के इस व्यवहार पर आपत्ति जताई थी, परन्तु अधिकारियों ने उनकी बात को भी नजरअंदाज कर दिया। यह पूरी घटना न केवल पुलिस की संवेदनहीनता को दर्शाती है, बल्कि इसमें नस्लभेद की बू भी साफ झलकती है। यह मामला अमेरिका के चर्चित जॉर्ज फ्लॉयड प्रकरण की याद दिलाता है, जिसमें एक अफ्रीकी–अमेरिकी युवक की गर्दन पर घुटना रखकर उसे मौत के घाट उतार दिया गया था।

चिंता की बात यह है कि ऐसे मामले आधुनिक और विकसित कहे जाने वाले देशों में भी आम होते जा रहे हैं। चाहे अमेरिका हो, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन या अन्य कोई पश्चिमी देश–कई बार पुलिसिया कार्रवाई में अल्पसंख्यकों और प्रवासियों के साथ भेदभाव देखने को मिलता है। यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों और आंदोलनों की सार्थकता पर सवाल खड़े करती है।

पुलिस की भूमिका न केवल अपराधों की रोकथाम तक सीमित होनी चाहिए, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मज़बूत करनी चाहिए। लेकिन जब पुलिस ही डर और असमानता का प्रतीक बनने लगे, तो यह लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए खतरे की घंटी है।


अब समय आ गया है कि ऐसी घटनाओं के दोषियों को कठोर दंड मिले और पुलिस महकमे की जवाबदेही तय की जाए। नस्ल, धर्म या जाति के आधार पर किया गया कोई भी भेदभाव सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाता है और विश्व समुदाय को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी नागरिकों को समान गरिमा और सुरक्षा का अधिकार मिले।

## नजरिया

### साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

# पीएम मोदी की रणनीति का नया अध्याय

उमेश चतुर्वेदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राएं हमेशा से ही एक अलग किस्म का कूटनीतिक संदेश देती रही हैं। वे न केवल भारत की वैश्विक स्थिति को मज़बूत करने की रणनीति बनाते हैं, बल्कि यह भी दिखाते हैं कि विदेश नीति केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक सटीक राजनीतिक और कूटनीतिक शस्त्र भी हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अचानक हुई उनकी साइप्रस यात्रा उसी कूटनीति का हिस्सा है, जो भारत के दुश्मनों को अप्रत्यक्ष लेकिन सशक्त संदेश देती है।

ऑपरेशन सिंदूर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई थी, जो पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए की गई थी। इस ऑपरेशन की सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित कर दिया, लेकिन साथ ही यह भी उजागर किया कि पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए हमला करने की कई असफल कोशिशें की थीं। इन ड्रोन हमलों में अधिकतर तुर्की निर्मित 'सोनगार ड्रोन' इस्तेमाल हुए थे।

इससे यह साफ हो गया कि तुर्की ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान को सैन्य सहायता दी। यह वही तुर्की है जिसे भारत ने 2023 में विनाशकारी भूकंप के दौरान राहत सामग्री, मेडिकल सहायता और विशेषज्ञ दल भेजकर मदद की थी। लेकिन उसी तुर्की ने भारत की पीठ में छुरा घोंपने का काम किया। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अदोआन ने खुलेआम ट्विटर पर 'पाकिस्तान–तुर्की दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर भारत के आरोपों को सही साबित किया।

ऐसे समय में जब भारत की विदेश नीति पर सवाल उठ रहे थे, प्रधानमंत्री मोदी ने बिना किसी पूर्व घोषणा के साइप्रस का दौरा कर सबको चौंका दिया। 14 मई को भारतीय विदेश मंत्रालय ने अचानक घोषणा की कि प्रधानमंत्री मोदी कनाडा जाते हुए रास्ते में साइप्रस रुकेंगे। वहां उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत की और कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

इस यात्रा की टाइमिंग और स्थान ने साफ किया कि यह सामान्य राजनयिक दौरा नहीं था, बल्कि भारत की विदेश नीति का रणनीतिक जवाब था खासतौर पर तुर्की को। साइप्रस और तुर्की के बीच 1974 से ही विवाद चल रहा है। उस वर्ष साइप्रस में यूनानी समर्थक तख्तापलट के जवाब में तुर्की ने सैन्य कार्रवाई की और देश के उत्तरी भाग पर कब्जा कर लिया। इसके बाद से साइप्रस दो हिस्सों में बंटा हुआ है एक हिस्सा जिसे पूरी दुनिया मान्यता देती है, और दूसरा जिसे केवल तुर्की समर्थन करता है। तुर्की ने इस कब्जाए गए क्षेत्र को एक स्वतंत्र देश घोषित कर रखा है, लेकिन कोई और देश उसे मान्यता नहीं देता।

इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तुर्की को अक्सर आलोचना का सामना करना पड़ता है। यही वह बिंदु है, जहां भारत ने अपनी चाल चली झ साइप्रस को समर्थन देकर तुर्की पर नैतिक और कूटनीतिक दबाव बनाने की।

साइप्रस यूरोपीय संघ (एव) का सदस्य है और जनवरी 2026 से वह यूरोपीय संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत लंबे समय से चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस की अध्यक्षता के दौरान इस समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

इसलिए साइप्रस से अच्छे संबंध बनाना भारत के आर्थिक हितों के लिए भी जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा साइप्रस को यह संदेश देने का माध्यम है कि भारत इस रिश्ते को गंभीरता से ले रहा है और दीर्घकालिक साझेदारी चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी की साइप्रस यात्रा केवल राजनयिक नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव की रणनीति भी है। भारत से हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक तुर्की जाते हैं। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही भारतीयों में तुर्की के खिलाफ नाराज़गी बढ़ी है और बहुत से लोगों ने अपनी तुर्की यात्रा रद्द कर दी।

मोदी सरकार का मकसद अब यही है कि पर्यटकों का रुख साइप्रस की ओर मोड़ा जाए। इससे एक तरफ साइप्रस को लाभ होगा, वहीं तुर्की की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। ये कदम सीधे–सीधे तुर्की की आर्थिक रीढ़ पर चोट करने जैसे हैं झ वह भी बिना किसी युद्ध या टकराव के।

साइप्रस के मसले पर इजरायल तुर्की के विरोध में खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की साइप्रस यात्रा के बाद अब यह संभावित है कि भारत, इजरायल और साइप्रस मिलकर एक नई रणनीतिक धुरी बना सकते हैं। इससे न केवल तुर्की पर दबाव बनेगा, बल्कि मध्य पूर्व में भारत की भूमिका भी और मज़बूत होगी।

इसके साथ ही भारत इंडिया–मिडिल ईस्ट–यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के माध्यम से अपने व्यापारिक मार्गों को सुदृढ़ करना चाहता है, जिसमें साइप्रस की भौगोलिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है।

साइप्रस में 11,500 से अधिक भारतीय रहते हैं, जो आईटी, शिक्षा, पर्यटन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। पीएम मोदी की यह यात्रा वहां रहने वाले भारतीयों के लिए भी एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला कदम है। उन्होंने वहां भारतीय समुदाय से मुलाकात की, संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। इससे यह संदेश गया कि भारत सरकार हर देश में रहने वाले भारतीयों की परवाह करती है। प्रधानमंत्री मोदी की साइप्रस यात्रा से यह साफ है कि भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियाशील नहीं रही, बल्कि रणनीतिक और प्री–एम्पटिव हो गई है। अब भारत केवल घटनाओं का जवाब नहीं देता, बल्कि उन्हें आकार भी देता है।

साइप्रस यात्रा में कूटनीति, सुरक्षा, व्यापार, रणनीति, जनभावना और वैश्विक नेतृत्व झ सभी आयाम जुड़ते हैं। भारत अब यह दर्शा रहा है कि वह तुर्की जैसे देशों के दुश्मनी को सहन नहीं करेगा और अपने हितों की रक्षा के लिए हर मंच पर सक्रिय रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस यात्रा एक गहन रणनीति का हिस्सा है जिसमें तुर्की को कूटनीतिक झटका, यूरोपीय संघ में अपनी स्थिति सुदृढ़ करना, भारतवंशियों का भरोसा जीतना और तटस्थ देशों को भारत के पक्ष में लाना शामिल है।

यह यात्रा दिखाती है कि अब भारत अपनी विदेश नीति में साहसिक और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाता है। यह कदम भारत की उस नई छवि को भी दर्शाता है जो आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सशक्त है, जो केवल जवाब नहीं देती, बल्कि कूटनीतिक खेल की बाज़ी पलट सकती है।

## विचार पिण्डो

# मोदी की कार्यशैली पर संघ की नाराजगी, भाजपा में बढ़ता टकराव

ओंकारेश्वर पांडेय

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के बीच मतभेद कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह मतभेद अब खुलकर मोदी की कार्यशैली और पार्टी संचालन को लेकर सामने आ रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के "400 पार" अभियान के दौरान अपनाई गई आक्रामक रणनीति और मोदी के बयानों ने कई स्तरों पर संघ को असहज किया। संघ प्रमुख मोहन भागवत की हालिया चुप्पी और उनके तटस्थ भाषणों ने इस असहमति को और गहराया है।

पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना की भूमिका की सराहना करते हुए भागवत ने सरकार की प्रशंसा तो की, पर प्रधानमंत्री मोदी का नाम तक नहीं लिया। न 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया, न 'सीज़फायर' पर कोई राय दी। उन्होंने 'हिंदू समाज' की जगह केवल 'समाज' शब्द का प्रयोग किया। यह प्रतीकात्मक बदलाव संघ की बदली हुई सोच और मोदी से दूरी को दर्शाता है।

संघ के पूर्व सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर का यह कथन कि "व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं, विचार महत्वपूर्ण है," संघ की मूल विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद खुद को विचारधारा से ऊपर स्थापित किया, और यही बात संघ नेतृत्व को खल रही है।

भागवत का यह कहना कि "समस्या खत्म नहीं हुई" और "संकट बरकरार है", सरकार की पाकिस्तान नीति और 'ऑपरेशन सिंदूर' के अचानक युद्धविराम पर सवाल खड़ा करता है। जब सेना दबाव बना रही थी, तो युद्धविराम क्यों किया गया? यह सवाल न सिर्फ विपक्ष बल्कि संघ को भी मथ रहा है।

'ऑपरेशन सिंदूर' पर विपक्ष संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहा है। कुछ प्रमुख सवाल हैं विदेश मंत्री ने ऑपरेशन से पहले पाकिस्तान को सूचित क्यों किया? अमेरिका ने युद्धविराम की घोषणा क्यों की? अगर राफेल और अन्य विमान गिरे तो वास्तविक आंकड़े क्या हैं? कश्मीर को द्विपक्षीय मुद्दा मानने की बजाय अमेरिकी मध्यस्थता क्यों स्वीकारी गई? इन सभी सवालों पर सरकार चुप है और संघ भी प्रतिक्रिया देने से बच रहा है।

संघ प्रमुख भागवत ने हाल में 'हिंदू समाज' की जगह 'समाज' शब्द का इस्तेमाल किया। वह पहले भी कह चुके हैं कि "मुसलमान भी हिंदू हैं और समाज का हिस्सा हैं।" ये संकेत हैं कि संघ अब अपने व्यापक सामाजिक स्वरूप को लेकर पुनर्विचार कर रहा है। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम विरोधी कार्रवाइयों से लेकर महाकुंभ में उनके प्रवेश को लेकर विवाद, और कश्मीरी मुसलमानों द्वारा आतंकवाद विरोधी रैलियां–ये सभी घटनाएं दिखाती हैं कि जमीनी हकीकत में बदलाव हो रहा है, जिससे संघ भी प्रभावित है।



संघ और भाजपा का टकराव किसी वैचारिक भिन्नता से नहीं, बल्कि मोदी की कार्यशैली से है। 2024 के चुनाव में मोदी ने आक्रामक, ध्रुवीकरण वाली रणनीति अपनाई, 'मंगलसूत्र', 'घुसपैठिए' और 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे बयानों के जरिए ध्रुवीकरण को हवा दी। भागवत लगातार समझाते रहे कि विपक्ष भी राष्ट्र का हिस्सा है और उसका सम्मान जरूरी है, लेकिन मोदी के प्रचार के सामने उनकी आवाज़ दब गई। राम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर भी भागवत ने राम की मर्यादा का स्मरण कराया और कहा कि "सच्चा सेवक अहंकारी नहीं होता", लेकिन इन बातों का असर मोदी सरकार की शैली पर नहीं पड़ा। संघ का सावरकर की हिंदू एकता वाली सोच से गहरा जुड़ाव रहा है, जिसमें जातिगत भेदभाव नहीं बल्कि एकता की बात की जाती रही है। लेकिन मोदी ने जब राहुल गांधी की जातिगत जनगणना की मांग को स्वीकार किया, तो संघ चौंक गया। यह संघ के बुनियादी दृष्टिकोण पर चोट के समान था। इससे शाखाओं में भ्रम फैल गया कि अब संघ के स्वयंसेवक क्या विचार लेकर समाज में जाएं।

मोदी और शाह चाहते हैं कि पार्टी पर पूरा नियंत्रण बना रहे, खासकर 2029 के चुनाव तक। जबकि संघ चाहता है कि पार्टी अध्यक्ष ऐसा हो जो संघ के प्रति उत्तरदायी हो और संगठन को मज़बूत करे। जेपी नड्डा का बयान कि "भाजपा अब इतनी सक्षम हो चुकी है कि उसे संघ के मार्गदर्शन की जरूरत नहीं" यह संघ को सीधा चुनौती देने जैसा था। 2024 में बहुमत न मिलने के बावजूद मोदी ने बिना पार्टी या संघ से परामर्श लिए खुद को एनडीए का नेता घोषित कर दिया, जिससे संघ असहज हुआ। अब संघ चाहता है कि पार्टी अध्यक्ष पद पर उसका भरोसेमंद व्यक्ति बैठे, जो आगे के नेतृत्व को तय करे। यही टकराव अब भाजपा की दिशा तय करेगा।

मोदी ने खुद पार्टी में 75 वर्ष की उम्र सीमा तय की थी, जिस पर आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में भेज दिया गया। लेकिन अब जब मोदी खुद सितंबर 2025 में 75 वर्ष के होने वाले हैं, वे रिटायर नहीं होना चाहते। इससे पार्टी में आंतरिक दबाव और बढ़ गया है।संघ अब यह मानता है कि मोदी को अगर पार्टी अध्यक्ष चुनने का अधिकार मिला, तो वे पार्टी और सरकार दोनों पर एकछत्र नियंत्रण बनाए रखेंगे, जो संघ के लिए खतरे की घंटी है। संघ और मोदी सरकार के बीच का मतभेद विचारधारा का नहीं, सत्ता संचालन के तरीकों का है। मोदी जिस तरह से सत्ता केंद्रित राजनीति कर रहे हैं, वह संघ के विकेन्द्रीकृत, अनुशासित संगठन मॉडल से मेल नहीं खाती। आगामी महीनों में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव और संघ की भूमिका तय करेगा कि भाजपा की दिशा क्या होगी झ व्यक्तिवाद की ओर या फिर मूल विचारों की ओर वापसी।

# टीम इंडिया में सरप्राइज एंट्री, धाकड़ खिलाड़ी स्क्वाड में शामिल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला अब बस कुछ ही दिन दूर है। यह बहुप्रतीक्षित सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है और दोनों टीमें इसके लिए जोरदार तैयारी कर रही हैं। भारतीय टीम की तैयारी अब अंतिम चरण में है, लेकिन अभी तक प्लेइंग इलेवन को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच टीम इंडिया में एक बड़ा अपडेट आया है, जिससे तेज गेंदबाजी डिपार्टमेंट और मजबूत हो गया है। बीसीसीआई ने शुरुआत में इंग्लैंड सीरीज के लिए 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया था, लेकिन अब खबर सामने आई है कि 19वें खिलाड़ी के रूप में तेज गेंदबाज 'हर्षित राणा' को स्क्वाड में शामिल किया गया है। हालांकि बोर्ड की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, हर्षित राणा को स्टैंडबाय नहीं, बल्कि मुख्य टीम में शामिल किया गया है।




हर्षित राणा फिलहाल इंग्लैंड में ही मौजूद हैं। उन्हें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया था। उस समय वे मुख्य टेस्ट स्क्वाड का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब जब अन्य इंडिया ए खिलाड़ी भारत वापस लौट रहे हैं, हर्षित को इंग्लैंड में ही रुकने का निर्देश दिया गया है। यह इंगित करता है कि टीम मैनेजमेंट उन्हें सीरीज के दौरान उपयोग कर सकता है। भारतीय तेज गेंदबाजी यूनिट में पहले से ही जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं। ऐसे में हर्षित राणा की एंट्री टीम की गहराई को और बढ़ा देती है। जानकारों का मानना है कि जसप्रीत बुमराह को पूरे पांच टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिलेगा। बुमराह की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए टीम मैनेजमेंट उन्हें दो से तीन मैचों में ही उतार सकता है। ऐसे में जब बुमराह को आराम दिया जाएगा, तब हर्षित राणा को प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है। यह उनके लिए खुद

## हर्षित राणा को मिला स्क्वाड में मौका

को साबित करने का बेहतरीन मौका होगा। हर्षित राणा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलकर इंटरनेशनल टेस्ट करियर की शुरुआत की थी और इन मुकाबलों में कुल चार विकेट हासिल किए। उनकी गेंदबाजी में रफ्तार और उछाल की काबिलियत है, जो इंग्लैंड जैसी पिचों पर काफी असरदार साबित हो सकती है। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या हर्षित राणा को पहला टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या उन्हें कुछ और इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन एक बात तय है कि उनकी मौजूदगी भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी लाइनअप को एक नई धार देती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ उनकी भूमिका को किस तरह निर्धारित करते हैं।

# पिता की मौत के बाद ऐसा हुआ मन्नारा चोपड़ा का हाल

## भावुक हालत में मुंबई लौटीं अभिनेत्री



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा और परिणीति चोपड़ा की कजिन बहन, अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा इन दिनों बेहद कठिन समय से गुजर रही हैं। 16 जून 2025 को उन्होंने अपने पिता रमन राय हांडा को हमेशा के लिए खो दिया। यह दुखद खबर मन्नारा ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की, जहां उन्होंने एक भावुक पोस्ट के जरिए पिता के निधन की सूचना दी। रमन राय हांडा का निधन 72 वर्ष की उम्र में हुआ। वे पेशे से एक अनुभवी वकील थे और दिल्ली उच्च न्यायालय में वर्षों तक अपनी सेवाएं देते रहे। उनका परिवार लंबे समय से दिल्ली और मुंबई के बीच बसा हुआ है। रमन हांडा की पत्नी कामिनी चोपड़ा हांडा, और दो बेटियां मन्नारा और मिताली हैं। कामिनी चोपड़ा, प्रियंका और परिणीति चोपड़ा की बुआ हैं, जिससे यह परिवार अक्सर त्योहारों और पारिवारिक आयोजनों में एकजुट होता रहा है। मन्नारा चोपड़ा उस समय मुंबई से बाहर थीं जब उन्हें अपने पिता के निधन की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वे तुरंत मुंबई लौटीं और इसी दौरान एयरपोर्ट पर बहन मिताली के साथ स्पॉट की गईं। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में मन्नारा बेहद दुखी, परेशान और भावुक नजर आ रही थीं। उन्होंने हरे रंग की शर्ट और नीली डेनिम पहनी हुई थी और वह रोती हुई दिखाई दीं। उन्हें फोन पर बात करते हुए और लगेज के साथ घबराई हुई हालत में देखा गया। मन्नारा के इस भावुक वीडियो ने उनके प्रशंसकों को भी दुखी कर दिया। सोशल मीडिया पर लोग उनके लिए संवेदना व्यक्त कर रहे हैं और उनके पिता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें लिखा था: "बहुत दुख और शोक के साथ हम अपने प्यारे पिता के दुखद निधन की सूचना देते हैं, जो 16/06/2025 को हमें छोड़कर स्वर्ग चले गए। वह हमारे परिवार के लिए ताकत का स्तंभ थे।" रमन राय हांडा का अंतिम संस्कार 18 जून को दोपहर 1 बजे, मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित अंबोली श्मशान घाट पर किया जाएगा। मन्नाराचोपड़ा को 'बिग बॉस' से खास पहचान मिली थी। वे साउथ की कई फिल्मों और टीवी शोज में काम कर चुकी हैं और धीरे-धीरे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी जगह बना रही हैं। इस दुखद समय में इंडस्ट्री और फैंस उनके साथ खड़े हैं और उन्हें भावनात्मक समर्थन दे रहे हैं।

# आईसीसी रैंकिंग में साउथ अफ्रीका की बड़ी जीत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा चक्र समाप्त हो चुका है और इस बार खिताब पर कब्जा किया है दक्षिण अफ्रीका ने। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर साउथ अफ्रीकी टीम ने न केवल आईसीसी ट्रॉफी जीती, बल्कि टेस्ट रैंकिंग में भी जबरदस्त छलांग लगाई है। आईसीसी की ओर से नई टेस्ट रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें साउथ अफ्रीका ने एक स्थान ऊपर चढ़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अब उनकी रेटिंग 114 हो गई है। वहीं इंग्लैंड, जो पहले दूसरे स्थान पर था, अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसकी रेटिंग 113 है, यानी साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच अंतर मात्र 1 रेटिंग प्वाइंट का है। हालांकि, टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान




## साउथ अफ्रीका को फाइनल जीतकर मिला दोहरा फायदा

पर ऑस्ट्रेलिया अब भी बरकरार है, जिसकी रेटिंग 123 है। भारत की बात करें तो टीम इंडिया चौथे स्थान पर बनी हुई है, उसकी रेटिंग 105 है। अब सबकी निगाहें भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज पर हैं। इस सीरीज के नतीजे से टेस्ट रैंकिंग में बड़ा बदलाव आ सकता है। भारत और इंग्लैंड दोनों के पास सुधार का मौका होगा।

# 'मैंने प्यार किया' में भाग्यश्री को सलमान से ज्यादा मिली थी फीस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 1989 में आई सुपरहिट फिल्म 'मैंने प्यार किया' से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी हाल ही में सामने आई है। इस फिल्म में सीमा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री परवीन दस्तूर ने बताया कि सलमान खान नहीं, बल्कि भाग्यश्री को फिल्म के लिए सबसे ज्यादा फीस मिली थी। परवीन के अनुसार, भाग्यश्री को 1.5 लाख रुपये दिए गए थे, जबकि सलमान को 31,000 रुपये की फीस मिली थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 75,000 कर दिया गया था। परवीन खुद को 25,000 का भुगतान मिलने की बात कहती हैं। परवीन ने फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री प्रोडक्शंस की तारीफ करते हुए कहा कि वे भले ही ज्यादा पैसे नहीं देते थे, लेकिन कलाकारों को समय पर वेतन देते थे




और सेट पर सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं। उन्होंने बताया कि उस दौर में 25,000 की फीस बहुत मानी जाती थी, क्योंकि आमतौर पर कलाकारों को 1,000 से 2,000 ही मिलते थे। सलमान खान ने भी एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका पहला वेतन 75 था, जब उन्होंने एक दोस्त के कहने पर ताज होटल में डांस किया था। फिर कैंपा कोला के विज्ञापन से उन्हें 750 मिले थे। 'मैंने प्यार किया' सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित थी और 1989 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी।


# मिसेज बिहार बनीं बीजेपी विधायक की पत्नी ऐश्वर्या राज




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मिसेज बिहार 2025 का खिताब जीतने के बाद ऐश्वर्या राज ने ना सिर्फ अपना, बल्कि भोजपुर जिले के तरारी क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। पटना में आयोजित ग्रैंड फिनाले में उन्होंने 14 प्रतिभागियों को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की। इस खास मौके पर अपूर्वा गुप्ता पहली रनर-अप और शुभांगी बगेवादी दूसरी रनर-अप रहीं। ऐश्वर्या बीजेपी विधायक विशाल प्रशांत की पत्नी और पूर्व विधायक सुनील पांडेय की बहू हैं। उनकी इस सफलता पर तरारी में उत्सव जैसा माहौल है। कार्यक्रम में मिसेज वर्ल्ड 2022 सरगम कौशिक और मिसेज इंडिया गैलेक्सी नितिका सत्या मुख्य अतिथि रहीं। ऐश्वर्या ने खगौल से स्कूली शिक्षा ली, दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम और पटना यूनिवर्सिटी से एमबीए किया। गुरुग्राम से उन्होंने एयर होस्टेस की ट्रेनिंग भी ली है।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद से बेचैन है ये फेमस एक्ट्रेस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर दुर्घटना ने पूरे देश को सदमे में डाल दिया। अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास के पास गिरकर विनाश मचा दिया। इस त्रासदी में 297 लोगों की जान गई, जिनमें 242 यात्री शामिल थे, और सिर्फ एक यात्री जीवित बच पाया। इस हादसे का शोर अभी थमा भी नहीं था कि बॉलीवुड सेलेब्रिटीज़ सहित आम लोग गहरे आहत हो रहे थे। बॉलीवुड अभिनेत्री और टीवी होस्ट मंदिरा बेदी ने इस घटना के बाद खुलकर अपनी पीड़ा और मानसिक संघर्ष के बारे में बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बेहद भावुक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि "अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से मेरे सीने पर जैसे कोई भारी बोझ बैठ गया हो। एक अजीब तरह का दुख, जो चाहे कितना बड़ा न हो, लेकिन उसकी परछाई हर पल मेरे साथ रहती



है। मेरा काम, मेरे बच्चों के साथ बिताया समय-सब कुछ प्रभावित हो रहा था।" आमतौर पर मजबूत और हीरोइन किरदारों के माध्यम से पहचान बनाकर मंचपर सुंदर छवि बनाने वाली मंदिरा बेदी ने बताया कि इस घटना से वे आहत हो गई हैं। उन्होंने आगे बताया कि जब बेचैनी ने घर और काम दोनों को प्रभावित करना शुरू किया तो उन्होंने थेरेपी लेने का निर्णय लिया। उन्होंने एक मेंटल हेल्थ काउंसलर से मदद ली और खुद को अकेला न छोड़ने का फैसला किया। मंदिरा ने वीडियो में अपनी यात्रा के अनुभव भी साझा किए-कि कैसे वे इस मानसिक स्थिति से बाहर निकल रही हैं, और कैसे मदद लेना कमजोरी नहीं बल्कि समझदारी है। उनका संदेश स्पष्ट था: "अगर आप भी कभी बेचैन, असंतुलित या अंदर से खाली महसूस करते हैं, तो कृपया जान लें कि आप अकेले नहीं हैं। जो आप महसूस कर रहे हैं, उसे महसूस करना बिलकुल ठीक है, और मदद लेना इस एहसास को स्वीकार करने जैसा है।" उन्होंने यह भी बताया कि कुछ भावनाएं अपने आप नहीं जा सकतीं, और कभी-कभी बस किसी से बात कर लेने से भी बोझ हल्का हो जाता है। उनके इस खुलेपन और साहस ने न सिर्फ उन्हें

## एक्ट्रेस को लेनी पड़ रही है थेरेपी

मानसिक रूप से मजबूत बनाया है, बल्कि दूसरे लोगों को भी हौसला दिया है कि मन में उठ रही बेचैनी को दबाने से बेहतर है कि उसे स्वीकार कर प्रोफेशनल मदद ली जाए। मंदिरा ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा: "कुछ भावनाएं अपने आप नहीं जातीं। हमें सिर्फ किसी से बात करने की जरूरत होती है, जिससे बोझ थोड़ी हल्की हो सके।" मंदिरा बेदी 'शांति', 'जमाई राजा', 'द रेलवे मेन', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' जैसी फिल्मों और सीरियल्स से परिचित हैं। उनके इस साहसिक बयान से स्पष्ट होता है कि मानसिक स्वास्थ्य मनुख्य की ताकत का ही हिस्सा है, और मदद लेने में हिचक नहीं होनी चाहिए। इस ट्रैजिडी ने हमें याद दिलाया है कि जीवन अनिश्चित है, और अपनी भावनाओं को जिंदा रखना, उन्हें समझना और जरूरत पड़ने पर मदद लेना ही असली ताकत की पहचान है।



### यूपी रोडवेज का छात्र-छात्राओं को तोहफा

# स्मार्ट एमएसटी कार्ड पर किराये में मिलेगी 40% की छूट

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपी रोडवेज) ने छात्रों को बड़ी राहत देते हुए स्मार्ट एमएसटी (मंथली स्टूडेंट टिकट) कार्ड योजना की शुरुआत की है। इस नई सुविधा के तहत छात्रों को बस यात्रा पर 40 फीसदी तक की छूट मिलेगी। यह योजना विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होगी जो प्रतिदिन जिला मुख्यालय तक पढ़ने आते हैं।



रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट एमएसटी कार्ड की सहायता से छात्र मासिक रिचार्ज कर सस्ती यात्रा कर सकेंगे। एमएसटी के तहत एक माह में अधिकतम 60 यात्राएं की जा सकेंगी और इसका किराया 25 यात्राओं के आधार पर लिया जाएगा। छात्रों को एमएसटी बनवाते समय 300 रुपये जमा कराने होंगे। यह कार्ड किसी भी बस स्टेशन से रिचार्ज कराया जा सकता है।

एमएसटी के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को दो पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, हाईस्कूल की मार्कशीट और स्कूल या कॉलेज से प्रमाणित परिचय पत्र देना होगा। बस स्टैंड इंचार्ज राजेंद्र चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि अब तक 35 छात्रों ने एमएसटी के लिए आवेदन कर दिया है। योजना की शुरुआत के साथ ही एमएसटी कार्ड जारी किए जा रहे हैं।

एआरएम मदन मोहन शर्मा ने बताया कि जिले में कुल 160 रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है, जिनमें हजारों छात्र प्रतिदिन सफर करते हैं। यह नई सुविधा छात्रों की आर्थिक बोझ को कम करेगी और उन्हें नियमित रूप से सुरक्षित व सुलभ यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी। यह कदम शिक्षा को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।




## बागपत: प्रेमी संग होटल में पकड़ी गई विवाहिता



### पुलिस व पति को देख छत से कूदी, वीडियो हुआ वायरल

**यूनिक समय, बागपत।** बागपत जिले के बड़ौत कस्बे में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ होटल में रंगे हाथ पकड़ी गई और पुलिस व पति के पहुंचने पर डर के कारण होटल की छत से छलांग लगा दी। यह घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के एक होटल की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाहिता और उसके पति के बीच पहले से कानूनी विवाद चल रहा था। मंगलवार को पति को सूचना मिली कि उसकी पत्नी एक स्थानीय होटल में अपने प्रेमी के साथ ठहरी हुई है। पति ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम पति के साथ होटल पहुंची, तो महिला ने पुलिस और पति को साथ देखकर घबराहट में लगभग 12 फीट ऊंची छत से छलांग लगा दी और वहां से भाग निकली।


बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना होटल के बाहर मौजूद ससुराल पक्ष के किसी सदस्य ने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर ली। वीडियो में महिला को होटल की खिड़की से नीचे छलांग लगाते हुए साफ देखा जा सकता है। इस वीडियो के वायरल होते ही इलाके में सनसनी फैल गई और लोग हैरान रह गए।

फिलहाल पुलिस ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है और पति-पत्नी के बीच पहले से चल रहे विवाद को ध्यान में रखते हुए पूरी घटना को कानूनी नजरिए से देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम ने बड़ौत क्षेत्र में एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

### यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा-2025 का परिणाम घोषित

## मिर्जापुर के सूरज पटेल टॉपर, भदोही की शिबा को दूसरा स्थान

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2025 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। राजधानी लखनऊ स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान इस परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई। इस मौके पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय, राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी और प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल उपस्थित रहे।



इस वर्ष बीएड प्रवेश परीक्षा में मिर्जापुर के सूरज कुमार पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भदोही की शिबा प्रवीण को दूसरा और जौनपुर की शिवांगी यादव को तीसरा स्थान मिला है।

इसके अतिरिक्त टॉप 10 में शामिल अन्य सफल अभ्यर्थियों में प्रमोद कुमार यादव (मऊ) चौथे, युगेश प्रसाद साहा (अररिया, बिहार) पाँचवे, रमेश कुमार शर्मा (शाहजहांपुर) छठे, रविंदर कुमार त्यागी (मेरठ) सातवें, विवेक शुक्ला (उन्नाव) आठवें, अंजनी कुमार मिश्रा (अलीगढ़) नौवें और रामलोचन पटेल (वाराणसी) दसवें स्थान पर रहे।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा इस परीक्षा का आयोजन 1 जून को प्रदेश के 69 जिलों में 751 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में किया गया था। कुल 3,44,546 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें 1,96,700 महिलाएं और 1,47,846 पुरुष अभ्यर्थी शामिल थे। कुलपति पांडेय ने बताया कि परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया।

अब सफल अभ्यर्थियों की प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया जुलाई 2025 में शुरू होने की संभावना है। परीक्षाफल की घोषणा के साथ ही छात्रों में उत्साह और तैयारी का नया दौर शुरू हो गया है।

### हाईटेंशन तार टूटकर ट्रांसफार्मर पर गिरा

## पूरे गांव में दौड़ा करंट, छह लोग झुलसे



**यूनिक समय, भदोही।** भदोही जिले के औराई कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया, जब हाईटेंशन तार टूटकर ट्रांसफार्मर पर गिर गया। इस घटना के चलते पूरे गांव में बिजली का करंट दौड़ गया, जिससे छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए और दर्जनों घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर नष्ट हो गए।

घटना सुबह उस समय हुई जब लोग अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे। हनुमान मंदिर के पास लगे ट्रांसफार्मर पर ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार अचानक टूट गया और सीधे ट्रांसफार्मर पर गिरा। इसके तुरंत बाद पूरे गांव की विद्युत लाइन में तेज करंट फैल गया।

### उपकरण भी जलकर खाक

कई लोगों को झटके लगे, वहीं छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल औराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

हादसे के बाद बिजली विभाग ने हैबतपुर समेत आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए, उचित मुआवजा और कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तकनीकी टीम को भी मौके पर भेजा गया है।

## आकाश आनंद राजनीति का नया खिलाड़ी: मौर्य

**यूनिक समय, लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अपनी जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को राजनीति का नया खिलाड़ी बताया। उन्होंने कहा कि आकाश राजनीति में अभी नए हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि मायावती बार-बार उन्हें पार्टी से बाहर कर उनकी प्रतिभा को कुंठित कर रही हैं।



संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा के तहत पहुंचे मौर्य ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को बेचने का काम कर रही है, सरकारी नौकरियां समाप्त कर दी गई हैं और 80 करोड़ जनता को 5-10 किलो अनाज पर निर्भर कर दिया गया है।

उन्होंने योगी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के 27,000

### समान विचारधारा वालों से करेंगे गठबंधन

प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए हैं, जिससे ग्रामीण शिक्षा बर्बाद हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति भी बेहद खराब है।

गठबंधन के सवाल पर मौर्य ने संकेत दिए कि यदि जरूरत पड़ी तो वह समान विचारधारा वाले दलों से हाथ मिलाने में गुरेज नहीं करेंगे।

## यूपी में मानसून की दस्तक: झमाझम बारिश से मिली राहत

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए गर्मी और लू से राहत की बड़ी खबर है। लंबे इंतजार के बाद मानसून अब प्रदेश में दस्तक देने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, 18 जून की देर शाम से लेकर 19 जून के बीच पूर्वी यूपी के रास्ते मानसून का प्रवेश होगा। इसके साथ ही 19 और 20 जून को राज्य के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।



आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने जानकारी दी कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम आपस में मिलकर मानसूनी वर्षा को गति देंगे। यह बारिश पूर्वी और तराई क्षेत्रों से शुरू होकर बुंदेलखंड, मध्य और दक्षिणी यूपी तक फैलेगी, जो अगले 4-5 दिन तक जारी रह सकती है।

वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कुल 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं, प्रयागराज, जौनपुर, गोरखपुर, आजमगढ़, बस्ती, संत कबीरनगर,

### कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

बहराइच सहित 22 जिलों में वज्रपात और मेघगर्जन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में तेज हवाएं और बिजली गिरने की भी आशंका है।

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे दक्षिणी जिलों में झोंकदार हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क रहने और आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी है। इस बारिश से जहां गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं किसानों को भी बड़ी उम्मीद बंधी है।

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र में भारी वर्षा का चेतावनी संकेत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रत्नागिरी, पुणे, सातारा, कोल्हापुर व सिंधुदुर्ग जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने 'नारंगी संकेत' जारी किया है।

### कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कांग्रेस हर मुद्दे पर राजनीति कर देश में भ्रम फैलाती है, अब जातिगत जनगणना पर भी भ्रामक बातें कर रही है।

### 'ठग जीवन' फिल्म पर रोक पर उच्चतम न्यायालय सख्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार से 'ठग जीवन' फिल्म पर रोक को लेकर 24 घंटे में उत्तर मांगा है।

### रघुवंशी हत्या मामले का घटनास्थल पुनर्निर्माण

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मेघालय पुलिस ने सोनम रघुवंशी सहित तीन अभियुक्तों के साथ घटनास्थल पर जाकर हत्या की पुनरावृत्ति कराई।

### विकास यादव की अंतरिम जमानत बढ़ी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नीतीश कटारा हत्या मामले में अभियुक्त विकास यादव की अंतरिम जमानत उच्चतम न्यायालय ने दो सप्ताह के लिए बढ़ाई।

### रॉबर्ट वाड्रा जांच में शामिल नहीं होंगे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रॉबर्ट वाड्रा आज पूछताछ में शामिल नहीं हो पाएंगे, वे अपनी पुत्री के समापन समारोह में विदेश गए हुए हैं।

### ट्रंप ने मैक्रों की आलोचना की

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को इजरायल–ईरान संघर्ष पर निष्क्रिय रहने को लेकर आड़े हाथों लिया।

### अहमदाबाद दुर्घटना में 132 शवों की पहचान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में अब तक 132 शवों का डीएनए मिलान हो गया है, 97 शव परिजनों को सौंपे गए।

### मुख्यमंत्री की कांवड़ यात्रा पर बैठक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज दोपहर सचिवालय में कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर बैठक करेंगी।

### मुंबई में मिट्टी धंसने से मज़दूर की मृत्यु

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई में निर्माण स्थल पर बारिश के कारण मिट्टी धंसने से एक मज़दूर की मृत्यु हो गई।

### केदारनाथ के लिए उड़ान सेवा पुनः आरंभ

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तराखंड सरकार ने बताया कि केदारनाथ के लिए, हेलीकॉप्टर सेवा आज से पुनः प्रारंभ की गई।

### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज

# नोएडा-गुरुग्राम में झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के लोगों को मंगलवार दोपहर मौसम के अचानक बदले मिजाज ने भीषण गर्मी से राहत दी। दोपहर करीब दो बजे दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। नोएडा और गुरुग्राम में हुई बारिश ने जहां तापमान में गिरावट लाई, वहीं ठंडी हवाओं ने मौसम को और सुहावना बना दिया।

गुरुग्राम में सुबह से ही बादलों की आवाजाही बनी हुई थी। दोपहर होते-होते हल्की बारिश ने पूरे शहर को भिगो दिया। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश के कारण तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। जिले के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश जारी है। इसी तरह नोएडा और गाजियाबाद में भी तेज हवाओं और बिजली की गड़गड़ाहट के बीच बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी। फरीदाबाद में भी मौसम ने अचानक करवट ली और बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलने लगीं। वहीं बुलंदशहर में तेज बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से निजात दिलाई। मौसम विभाग ने आने वाले 2-3 दिनों के लिए और भी राहत की खबर दी है। विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के आसमान में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। इसका असर तापमान पर भी पड़ेगा और गर्मी में कमी आएगी। लंबे समय से भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए यह मौसम बदलाव किसी सौगात से कम नहीं है। शहर की फिजा में ठंडक घुल गई है और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मौसम का आनंद लिया। पार्कों और सड़कों पर मौसम का लुत्फ उठाते लोग नजर आए।

## अमेरिका में पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर के खिलाफ जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वाशिंगटन डीसी में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर को उस वक्त बड़ी बेइज्जती का सामना करना पड़ा, जब दर्जनों पाकिस्तानी-अमेरिकियों ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मुनीर अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ पर आयोजित परेड में शामिल होने अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने लोकतंत्र की बहाली और सेना के दखल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर और पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर मानवाधिकार हनन, मीडिया दमन और चुनावी हस्तक्षेप जैसे मुद्दों को उजागर किया गया था। मुनीर को उन्होंने "लोकतंत्र का हत्यारा" बताते हुए पाकिस्तान में सेना की बढ़ती राजनीतिक भूमिका के लिए जिम्मेदार ठहराया। इस विरोध का वीडियो पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ ने भी साझा किया, जिसमें वाशिंगटन की सड़कों पर भारी संख्या में प्रदर्शनकारी नजर आ रहे हैं। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, "हम अमेरिका की धरती से यह संदेश देना चाहते हैं कि पाकिस्तान के लोग सेना के अत्याचारों के खिलाफ हैं।" यह विरोध अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तानी सेना की छवि पर गहरी चोट माना जा रहा है।

### हिमाचल में बारिश बनी कहर

## मंडी-जाहू मार्ग पर यात्रियों से भरी बस 500 फीट गहरी खाई में गिरी

### दो की मौत, 24 घायल





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। भारी बारिश के बीच यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस मंडी-जाहू मार्ग पर पटड़ीघाट के पास अनियंत्रित होकर 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में अब तक दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 24 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। हादसे के समय बस में 25 से 30 लोग सवार थे।

बस जाहू से मंडी की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि, क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश के चलते राहत कार्यों में भारी दिक्कतें आईं। खाई में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रस्सियों और अस्थायी स्ट्रेचर का सहारा लिया गया।

हादसे में एक मृतक की पहचान बस चालक चंद पुत्र ब्रह्म लाल के रूप में हुई है, जो घुमारवीं के हटवाड़ गांव का निवासी था। ड्राइविंग लाइसेंस और स्थानीय लोगों की मदद से उसकी पहचान की गई। मृतक बस के नीचे दब गया था, और उसे निकालने में काफी मेहनत करनी पड़ी।

एक अन्य मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। वहीं, कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें मंडी के जोनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है।

## बम की धमकी के बाद इंडिगो फ्लाइट की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ए 2706 को मंगलवार सुबह बम की धमकी मिलने के बाद नागपुर में आपात लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट सुबह 9:20 बजे कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई थी और हवा में ही बम की आशंका जताई गई। तुरंत ही सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को नागपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया, जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

विमान में मौजूद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एयरपोर्ट पर बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम ने तुरंत विमान की गहन तलाशी शुरू की। नागपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षा को उच्चतम स्तर पर रखा गया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है और धमकी के स्रोत का पता लगाया जा रहा है। एयरलाइन अधिकारियों को जैसे ही बम की सूचना मिली, उन्होंने तय प्रक्रिया अपनाते हुए फ्लाइट को डायवर्ट किया। यात्रियों को किसी तरह की क्षति नहीं हुई और सभी को सुरक्षित टर्मिनल पर ले जाया गया।

इस घटना के कुछ ही घंटों पहले एयर इंडिया की दो फ्लाइट्स में तकनीकी खामी के मामले सामने आए थे। सैन फ्रांसिस्को से कोलकाता होकर मुंबई जा रही फ्लाइट को कोलकाता में रोका गया, जबकि दिल्ली जा रही एक अन्य फ्लाइट उड़ान के 90 मिनट बाद हांगकांग लौट आई। फिलहाल नागपुर एयरपोर्ट पर स्थिति सामान्य है, लेकिन जांच पूरी होने तक विमान को अलग खड़ा किया गया है।

## सेना की वर्दी में पति को अंतिम सलामी देती रही पत्नी

### हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद पायलट को दी विदाई



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तराखंड के केदारनाथ में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुए पायलट लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) राजवीर सिंह चौहान का अंतिम संस्कार मंगलवार को जयपुर में किया गया। इस भावुक पल में उनकी पत्नी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपिका चौहान ने सेना की वर्दी पहनकर पति को अंतिम विदाई दी। वह पूरे समय पति की तस्वीर को सीने से लगाए रहीं।

जयपुर के शास्त्री नगर निवासी राजवीर चौहान की पार्थिव देह आज सुबह जयपुर पहुंची। घर से उनकी अंतिम यात्रा चांदपोल मोक्षधाम तक निकाली गई। इस दौरान 'राजवीर अमर रहे' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंजते रहे।

दीपिका चौहान ने पति को सलामी दी और भावुक नजरों से अंतिम दर्शन किए। उन्होंने जब आर्मी की कैप उतारी और सिर झुकाया, तो वहां मौजूद हर आंख नम हो गई। राजवीर के अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोग उमड़े और पूरे माहौल में शोक और सम्मान की भावना व्याप्त रही।

राजवीर हाल ही में सेना से 14 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए थे और एक निजी एविएशन कंपनी में पायलट के रूप में कार्य कर रहे थे। चार महीने पहले ही पत्नी दीपिका ने जुड़वां बेटों को जन्म दिया था और 30 जून को परिवार एक समारोह आयोजित करने वाला था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। राजस्थान सरकार में मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी और परिजनों को ढांढस बंधाया।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नई पार्किंग व्यवस्था

## आठ मिनट फ्री, 15 मिनट से ज्यादा रुकने पर लगेगा शुल्क

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब स्टेशन परिसर में यात्रियों को छोड़ने आने वाले वाहनों को 8 मिनट तक रुकने की अनुमति होगी, जिसमें कोई शुल्क नहीं देना होगा। यदि वाहन 8 मिनट से अधिक रुके तो ₹50 और 15 मिनट से ज्यादा रुकने पर ₹200 का शुल्क देना होगा।

कैब ड्राइवर अब बिना अतिरिक्त शुल्क दिए स्टेशन परिसर में घुसकर यात्री को उतार सकते हैं, जिससे यात्रियों को सड़क पर नहीं उतरना पड़ेगा और जाम की समस्या भी कम होगी। हालांकि, यात्री को लेने के लिए आने वाले वाहनों को पार्किंग में ही रुकना होगा, जिसके लिए शुल्क देना होगा।

उत्तर रेलवे के अनुसार, यह नई व्यवस्था यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। अजमेरी गेट की ओर नई पार्किंग व्यवस्था के लिए टेंडर जारी किया गया है।


स्व. श्री मनोज मंगल

**उठावनी**

अत्यंत दुखः के साथ सूचित करना पड़ रहा है, कि मेरे पूज्य पिताजी श्री मनोज मंगल पुत्र (स्व. श्री रामनाथ मंगल बृजवासी इन्दौर) का गोलोकवास दिनांक 16.06.2025 को हो गया है, जिनकी उठावनी दिनांक 18.06.2025 दिन बुधवार को महिलाओं एवं पुरुषों की शायं 4 से 5 तक अग्रवाटिका मसानी लिंक रोड, मथुरा में होगी।

**शोकाकुल**

संगीता मंगल (धर्मपत्नी) हर्ष (पुत्र) अंजली (पुत्री) श्रीमती प्रभा, राकेश-रचना, अरविन्द-रश्मि, अमित-नमिता (भाई-भाभी) बीना-बंशीधर जी सर्राफ (धड़ी वाले), अनीता-अनिल जी (बर्तन वाले) (बहन-बहनोई) कपिल, सचिन, प्रतीक, रितिक, सार्थक (भतीजे)

फर्मः- आर. एन. अग्रवाल एण्ड संस, छावनी चौक इन्दौर (मध्य प्रदेश)

ससुरालपक्षः- पंकज अग्रवाल, नितेश अग्रवाल (सीटू) अंशुल अग्रवाल H.A. पायल, मथुरा


# बारिश में माया टीला के पचास परिवारों की जान सांसत में



**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंदनगर क्षेत्र स्थित माया टीला इलाके में आधा दर्जन मकानों के गिरने और दो बच्चियों सहित तीन लोगों की मौत के बाद इस टीले पर रहने वाले करीब पचास परिवार दहशतजदां हैं। करीब 15 से 20 मकानों में दरारें आ चुकी है। बारिश का मौसम शुरू होने से टीले पर बसे इन परिवारों के सिर पर मौत का साया मंडरा रहा है। माया टीला से सटी तोताराम की बगीची को भू माफियां ने खरीदने के बाद टीले को काट कर उस पर दीवार खड़ी कर दी। टीले पर रहने वाले कुछ लोगों से इन लोगों ने उनकी जमीन को भी खरीद लिया है। माया टीले पर करीब पांच के करीब मकान बने हुए हैं। इनमें से कुछ लोगों ने तो जमीन खरीदने के बाद उस पर मकान बना लिए। अधिकांश लोग इस इलाके में किराए

## बारिश में टीले की मिट्टी के धंसने से मकानों को हो सकती है क्षति

## 15 से बीस मकानों में आ चुकी हैं दरारें

## कई परिवार यहां से जाने की कर रहे हैं तैयारी

पर अपने परिवारों के साथ रह रहे हैं। रविवार को नीचे के कस्ट्रक्शन के चलते होने वाली धमक के चलते टीले की मिट्टी खिसक गई और देखते ही देखते छह मकान धराशाही हो गए। इनमें विनोद हलवाई की दो नातिन की मौत हो गई। वहीं तोता सैनी की भी मकान के मलबे में दबकर मौत हो गई। छह मकानों के गिरने के कारण आसपास के मकानों पर भी इसका असर पड़ा। वहां करीब 15 से 20 मकानों की दीवारों में दरारे आई गई। यहां के रहने वालों का कहना है कि टीले की मिट्टी पहले ही पोली हो चुकी है। बारिश पड़ने के कारण पानी अगर मकानों की नींव में भरा तो ओर मकान भी धराशाही हो सकते हैं। बारिश से पहले कुछ लोग तो यहां से बाहर निकलने का मन बना रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की है।

# माया टीला की जांच शुरू होने से कई विभागों में हड़कंप

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंनगर क्षेत्र के माया टीला की मिट्टी धंसने के बाद छह मकानों के धराशायी होने और दो बच्चियों सहित तीन लोगों की मौत के मामले में जिलाधिकारी गंभीर है। इस पूरे प्रकरण की जांच को एडीएम फाइनेंस को सौंपी है। मामले में दोषी पाए जाने वाले विभागों के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। डीएम ने इस मामले में किस-किस विभाग के अधिकारियों की ओर से लापरवाही बरती गई है उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जांच एडीएम फाइनेंस पंकज वर्मा को दी है। जिलाधिकारी की सख्ती के चलते कई विभागों में हड़कंप की स्थिति है। यहां पिछले छह माह से बराबर काम चल रहा था, लेकिन

## अधिकारी अपने को बचाने की जुगत भिड़ाने में लगे

संबंधित विभागों ने इस ओर देखने तक की जहमत नहीं की। माया टीला के लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन के लोगों को शिकायत भी दी गई थी, लेकिन उस समय किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब इन विभागों के अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए अपने तरीके से मामले को बता रहे हैं। विकास प्राधिकरण के जेई अनिल सिंघल का कहना था कि काम शनिवार की रात से ही शुरू हुआ। वहां बनी दीवार को तो पुराना बताया जा रहा है। हर कोई इस मामले में अपने को बचाने के चक्कर में लगा हुआ है।

# भिखारी भी लखपति से कम नहीं

महेश वार्ष्णेय

**यूनिक समय, मथुरा।** एक भिखारी की पोटली से 91070 रुपये मिलने पर पुलिस अधिकारियों की आंखे फटी रह गई। इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि जब एक भिखारी के पास से 91 हजार रुपये की नकदी मिली तो अन्य भिखारियों की स्थिति क्या होगी। मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना आदि धार्मिक स्थलों पर भिखारी ही भिखारी दिखाई पड़ जाएंगे। हर भिखारी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के सामने हाथ पसारते हैं। श्रद्धालु के मन में दया भाव आता है तो वह अपने पास से दस से सौ रुपये तक भीख में दे जाता है। सायं को वह भिखारी हिसाब लगाते हैं तो उनके पास अच्छी खासी रकम एकत्रित हो जाती है। इस बात का अंदाजा इससे और लगाया जाता है कि मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर कल मृत मिले एक भिखारी की पोटली से 91 हजार रुपये की नकदी मिली। पुलिस को उसके पास से बैंक का एक विड्रोल भी बरामद हुआ। वह पंजाब नेशनल बैंक वृंदावन शाखा का था। विड्रोल पर्ची में हरिदास देवनथा पानी घाट



दुर्गापुरम लिखा था। इस पर्ची के माध्यम से मृतक भिखारी की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारों की मानें तो मंदिरों के आसपास मंडराने वाले भिखारियों की रोजाना एक हजार रुपये से अधिक की राशि की कमाई होती है। इस राशि से हिसाब लगाया जाए तो महीने में तीस हजार रुपये एकत्रित होते हैं। मथुरा और वृंदावन के भिखारियों की स्थिति काफी बेहतर है। अधिकांश के बैंकों में खाते हैं। यदि बैंक खातों की गहराई से जांच कराई जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है। इसके पीछे की भी एक वजह और भी है कि एक परिवार के कई-कई लोगों को भी भीख मांगते देखा जा सकता है। यदि वह किसी के यहां मजदूरी करते हैं तो दिन भर में चार सौ से पांच सौ रुपये मिलेंगे।



ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के सेवायतों की पत्नियों से बातचीत करते हुए सांसद हेमामालिनी। इन महिलाओं ने ज्ञापन देकर कॉरिडोर और न्यास गठन का विरोध किया। सांसद हेमाममालिनी ने सभी की बात सुनीं और आंदोलन समाप्त कराया।

# राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष पहुंची वृंदावन

**यूनिक समय, मथुरा।** राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने मंगलवार को आश्रय सदन कृष्णा कुटीर की व्यवस्थाओं को देखा। यहां निवास कर रही माताओं से वार्ता की। साथ ही अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की।

उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट से भी मुलाकात की। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद केस की विस्तार से जानकारी देते हुए हाईकोर्ट में विचाराधीन मुकदमा से भी अवगत कराया। समाज सेविका डॉ लक्ष्मी गौतम ने उनका स्वागत किया। उनके साथ उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी महाराज के भी दर्शन किए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुषमा अग्रवाल, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक वैशाली सिंह, प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र आदि मौजूद थे।

# नगर आयुक्त ने लाइब्रेरी का निरीक्षण किया

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रांतर्गत डैम्पियर नगर स्थित राज्य स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत बन रही लाइब्रेरी का नगर आयुक्त जग प्रवेश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिविल अमरेंद्र गौतम तथा सहायक अभियंता सिविल शशांक सिंह उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर सर्वेश्वर भक्त मण्डल की बैठक

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** 11 जुलाई को गुरु पूर्णिमा को मनाने के लिए श्री सर्वेश्वर भक्त मण्डल की बैठक में मण्डल के चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि ग्यारह जुलाई को सादाबाद मार्ग पर प्रातः 9 बजे गुरुपूजन के साथ भजन कीर्तन होगा।

# पॉलीथिन जब्त कर वसूला जुर्माना

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर पालिका ने प्रतिबंधित पॉलीथिन पर सख्त कार्रवाई करते हुए अभियान चलाकर सात दुकानदारों के चालान काट 24 सौ रूपए का जुर्माना वसूला है। दुकानदारों एवं टीम के बीच बहस हो गई। आरोप एवं हो हल्ला के बीच टीम एक किलो पॉलीथिन बरामद कर लौट गई। नगर पालिका के राजस्व विभाग के लिपिक सूरज पाल के नेतृत्व में लिंक रोड पर पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया गया। यहां टीम के सदस्य श्याम सुंदर लिपिक, राजू टीसी, सुशील टीसी, चेतराम, मोहन दिगम्बर आदि ने ठेल ढकेल एवं दुकानदारों के यहां छापामार कार्रवाई कर पॉलीथिन को पकड़ा। पालिका टीम की इस कार्रवाई के दौरान दुकानदार एवं पालिका टीम आपस में भिड़ गए। दुकानदारों ने टीम पर तमाम आरोप मढ़ दिए। उन्होंने कार्रवाई में भेदभाव का भी आरोप लगाया। हालांकि टीम अपनी कार्रवाई करते हुए सीधे निकल गई। सूरजपाल सिंह ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक किलो ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की है। वहीं सात दुकानदारों के चालान काटे। जिनसे 2400 रूपए का जुर्माना वसूला है।

# किसानों की भूमि अधिग्रहण के विरोध में मोरा स्टेशन पर धरना शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन (सुनील) के बैनर तले गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के मथुरा ब्लॉक के गांव नगला मोरा में रेलवे द्वारा किसानों की भूमि अधिग्रहण व रेलवे अधिकारियों की मनमानी के विरोध में किसान नेता बबलू चौधरी व नवाब पोनिया के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना गांव नगला मोरा रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 7 पर शुरू हुआ। भारतीय किसान यूनियन (सुनील) के कार्यकर्ताओं ने जय जवान जय किसान, रेल मंत्री मुर्दाबाद, बाबा महेंद्र सिंह टिकैत अमर रहे तथा किसानों को जमीनों का उचित मुआवजा दो के नारे लगाए। राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान ने कहा रेलवे द्वारा किसानों की भूमि अधिग्रहण की जा रही है। रेलवे अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। इसके विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ है। जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक धरना निरंतर चलेगा। पहले दिन धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन सुनील के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप रस्तोगी, उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश प्रजापति के नेतृत्व में जनपद बरेली, रामपुर एवं मुरादाबाद से एक दर्जन कार्यकर्ता धरने में उपस्थित थे। इस मौके पर नवाब पोनिया अशोक चौधरी, रामेश्वर पंडित, अजय धोबी, खेमों धोबी, ललिता पंडित, तारा चंद, लाल सिंह, महावीर पंडित, ठाकुर रामबीर, विक्की धोबी, विकेश चौधरी कन्हैया चौधरी एवं मनीष चौधरी मौजूद थे।

# बीएसए ने छोड़ा चार्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने अपनी पदोन्नति जिला विद्यालय निरीक्षक पद पर होने पर अपना चार्ज छोड़ दिया। वह अपना कार्य भार बीडीओ मुख्यालय राकेश कुमार को देकर उन्नाव जनपद के लिए रवाना हो गए। जहां आज डीआईओएस का कार्य भार ग्रहण कर लिया।

# नशामुक्ति पर गोष्ठी कल

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नशामुक्ति को लेकर बुधवार को परमानंद गार्डन स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। शाम को पांच बजे होने वाले इस कार्यक्रम में इंस्पेक्टर अरविंद कुमार निर्वाल एवं सीएचसी के प्रभारी डॉ गिरेंद्र पाल सिंह प्रमुख वक्ता होंगे।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053